सुविचार
सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।
स्वामी विवेकानंद

दैनिक
# रेवांचल टाइम्स
निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

■ वर्ष 3 ■ अंक 83 ■ जबलपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये ■ RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965

## असम चुनाव- बीजेपी की पहली लिस्ट में 88 नाम

### सीएम हिमंता 7वीं बार जालुकबारी से लड़ेंगे, एक दिन पहले कांग्रेस से आए सांसद बोरदोलोई को टिकट


हिमंता बिस्व सरमा

नई दिल्ली। असम विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को अपने कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी की। इसमें सीएम हिमंता बिस्व सरमा सहित 88 नाम हैं। हिमंता अपनी परंपरागत सीट जालुकबारी से चुनाव लड़ेंगे। वे सातवीं बार इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। 25 दिन पहले भाजपा में आए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा को भी टिकट दिया गया है। भाजपा ने एक दिन कांग्रेस छोड़कर पार्टी जॉइन करने वाले सांसद प्रद्युत बोरदोलोई को दिसपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। इधर, प्रद्युत बोरदोलोई के इखढ में शामिल होने के बाद उनके बेटे प्रतीक बोरदोलोई ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। प्रतीक ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे पत्र में कहा कि अब उनका कांग्रेस उम्मीदवार बने रहना सही नहीं होगा। प्रतीक ने कहा- मैं पूरी जिम्मेदारी और सम्मान के साथ मार्घेरिटा सीट से अपनी उम्मीदवारी वापस ले रहा हूं। यहां के लोगों और कांग्रेस कार्यकताओं को उम्मीदवार को लेकर स्पष्टता और भरोसा मिलना चाहिए। मैं पार्टी का सदस्य बना रहूंगा और नेतृत्व जो जिम्मेदारी देगा, उसे निभाऊंगा। प्रतीक को कांग्रेस ने मार्घेरिटा सीट से उम्मीदवार बनाया था, जहां से उनके पिता 4 बार विधायक रह चुके हैं। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए 9 अप्रैल को मतदान होगा। 4 मई को मतगणना होगी। बीजेपी 126 में से 89 पर चुनाव लड़ेगी। बाकी 37 में से असम गण परिषद (एजीपी) को 26, बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) को 11 सीटें दी गईं हैं।

**केरल में बीजेपी ने दूसरी लिस्ट जारी की :** उधर, केरल विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने गुरुवार को कैंडिडेट्स की दूसरी लिस्ट जारी की है। इसमें 39 कैंडिडेट्स के नाम शामिल हैं। अब तक जारी दो लिस्ट में पार्टी 86 कैंडिडेट्स के नाम घोषित कर चुकी है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पद का दावेदार नहीं हूं। मैं चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। सीएम चुने गए विधायकों में से होना चाहिए।

## कुवैत में दूसरी रिफाइनरी पर ड्रोन अटैक, अब 'मीना अब्दुल्ला' को बनाया गया निशाना

नई दिल्ली। कुवैत ने गुरुवार को कहा कि ड्रोन हमले के कारण तेल समृद्ध इस छोटे से देश में एक तेल रिफाइनरी में भीषण आग लग गई। सरकारी समाचार एजेंसी कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, कुवैत ने यह भी बताया कि ड्रोन हमले के बाद एक दूसरी तेल रिफाइनरी में भी आग लग गई है। एजेंसी ने कहा कि ड्रोन हमले के कारण मीना अल-अहमदी रिफाइनरी में आग लगी, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। यह रिफाइनरी मध्य पूर्व की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक है, जिसकी पेट्रोलियम उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 7,30,000 बैरल है।

**ईरान ने खाड़ी देशों पर अपने हमले तेज किए :** यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब ईरान ने गुरुवार को अपने खाड़ी अरब पड़ोसी देशों के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले तेज कर दिए। इजरायल द्वारा अपने मुख्य प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर किए गए हमले के जवाब में ईरान ने कतर के द्रवीकृत प्राकृतिक गैस संयंत्रों और कुवैत की एक तेल रिफाइनरी में आग लगा दी। मध्य पूर्व युद्ध में यह एक बड़ा तनाव है जिसके कारण वैश्विक ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं। संयुक्त अरब अमीरात के तट पर एक जहाज जल गया और कतर के तट पर एक अन्य जहाज क्षतिग्रस्त हो गया, जो होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान के नियंत्रण के कारण जहाजों के सामने मंडरा रहे निरंतर खतरे को रेखांकित करता है। विश्व



बाजारों के लिए प्राकृतिक गैस का एक प्रमुख स्रोत कतर ने कहा कि ईरानी मिसाइल हमलों के बाद एक प्रमुख एलएनजी संयंत्र में लगी आग को दमकलकर्मियों ने बुझा दिया। पहले के हमलों के बाद वहां उत्पादन पहले ही रोक दिया गया था, लेकिन कतर ने कहा कि मिसाइलों की नवीनतम लहर ने "बड़े पैमाने पर आग और व्यापक क्षति" का कारण बनी। इस संयंत्र को हुए नुकसान के कारण ईरान युद्ध समाप्त होने के बाद भी कतर को बाजार में अपनी आपूर्ति पहुँचाने में देरी हो सकती है। कुवैत की मीना अल-अहमदी रिफाइनरी पर ड्रोन हमले में आग लग गई, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ, यह जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी ङ्वठअ ने दी।

**यह तेल रिफाइनरी मध्य पूर्व की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक :** यह रिफाइनरी प्रतिदिन 7,30,000 बैरल पेट्रोलियम उत्पादन क्षमता के साथ मध्य पूर्व की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक है। अबू धाबी के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें हबशान गैस संयंत्र और बाब क्षेत्र में परिचालन बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा, और उन्होंने इन स्थलों पर ईरान के रात भर के हमलों को "खतरनाक वृद्धि" बताया। कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सभी ने ईरानी हमलों की निंदा की, सऊदी अरब के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि राज्य पर हुए हमलों का मतलब है कि "पहले जो थोड़ा-बहुत विश्वास था, वह पूरी तरह से चकनाचूर हो गया है।" सुबह के कारोबार में, अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 110 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर थी, जो कि 28 फरवरी को ईरान पर हमले के साथ इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा युद्ध शुरू किए जाने के बाद से 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है।

## राजस्थान में लगातार दूसरे दिन ओले गिरे

### हरियाणा में बारिश से सड़कें डूबीं; उत्तराखंड के केदारनाथ, गंगोत्री धाम में बर्फबारी



भोपाल। देश के कई हिस्सों में मौसम ने अचानक करवट ली है। राजस्थान के सीकर में लगातार दूसरे दिन तेज बरसात के साथ ओले गिरे हैं। आंधी-बारिश के कारण हुए हादसे में जैसलमेर में दो भाइयों की मौत हो गई। मध्य प्रदेश में भोपाल, इंदौर-ग्वालियर समेत 33 जिलों में आंधी-बारिश और 3 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट है। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में 30 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे तक की रफ्तार से आंधी चलने का अनुमान जताया है। उधर हरियाणा के रेवाड़ी में रात में हुई तेज बारिश के साथ ओले गिरे। सड़कों पर पानी भर गया। आंधी के चलते सड़कों पर लगे होर्डिंग भी उखड़ गए। बारिश के कारण दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। आने वाले दिनों में दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट देखने को मिलेगी। उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई। वहीं हिमाचल के चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में तेज बारिश, आंधी, बिजली गिरने और ओले गिरने की संभावना है।



## अयोध्या पहुंचीं राष्ट्रपति, रामलला के दर्शन किए

अयोध्या। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नवरात्रि के पहले दिन अयोध्या के राम मंदिर पहुंची हैं। उन्होंने रामलला के दर्शन किए। दूसरे फ्लोर पर बने राम दरबार में श्रीराम यंत्र की स्थापना की। उन्होंने राम मंदिर परिसर को भी देखा। सीएम योगी ने राष्ट्रपति को मंदिर निर्माण से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। राष्ट्रपति करीब साढ़े 10 बजे दिल्ली से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम ने उनका स्वागत किया। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद राष्ट्रपति का यह दूसरा अयोध्या दौरा है। इससे पहले वह 1 मई 2024 को अयोध्या आई थीं, तब उन्होंने हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में दर्शन-पूजन किया था। राष्ट्रपति अयोध्या में करीब 5 घंटे रुकने के बाद दोपहर 3 बजे मथुरा के लिए रवाना होंगी। मथुरा में वह इस्कॉन और प्रेम मंदिर में दर्शन करेंगी। शुक्रवार यानी 20 मार्च को प्रेमानंद महाराज से मुलाकात करेंगी।

## ओडिशा अस्पताल अग्निकांड में 4 अफसर सस्पेंड

कटक। कटक के श्रीराम चंद्र भंज(रउइ) मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आग लगने की घटना के दो दिन बाद ओडिशा सरकार ने 4 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इनमें अग्निशमन सेवा के 3 और विद्युत विभाग का एक अफसर शामिल है। इस बीच, विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल ने चार जूनियर अधिकारियों के निलंबन को सिर्फ दिखावा बताया। इखऊ के प्रवक्ता लेनिन मोहंती ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने इतने संवेदनशील मामले को लेकर बहुत ही लापरवाही भरा रवैया अपनाया है। दरअसल, रउइ मेडिकल कॉलेज में 14-15 मार्च की दरमियानी रात करीब 3 बजे आग लगी थी। हादसे में मरने वाले मरीजों की संख्या 12 हो गई है। इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, 5 की मौत इलाज के दौरान हुई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया था।

## सांप के जहर मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव को राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को यूट्यूबर एल्विस यादव के खिलाफ 2023 के सांप के जहर के मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर और सभी संबंधित कार्यवाही को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मौजूदा स्थिति में यह मामला कानूनी रूप से टिक नहीं सकता। जस्टिस एमएम सुंदरेश और एन कोटिश्वर



सिंह की बेंच ने एक अहम मुद्दे पर प्रकाश डाला। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत शिकायत किसी अधिकृत व्यक्ति द्वारा दर्ज नहीं की गई थी। बेंच ने कहा कि सिर्फ इसी बात से कार्यवाही अव्यवहारिक हो जाती है। एल्विस यादव सांप के जहर का मामलाः अदालत में क्या हुआ?बेंच ने एल्विस यादव से संबंधित एफआईआर में लगे आईपीसी के आरोपों पर भी गौर किया। बेंच ने कहा कि ये आरोप गुरुग्राम में पहले दर्ज एक मामले से जुड़े हैं, जिसमें पहले ही क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की जा चुकी है। इससे यादव के खिलाफ उन धाराओं को लागू करने का आधार कमजोर हो जाता है। एनडीपीएस के पहलू पर, अदालत ने एक और टिप्पणी की। उसने कहा कि सह-आरोपी से बरामद तरल पदार्थ, जिसे विष-रोधी बताया गया है, अधिनियम की अनुसूची में प्रतिबंधित पदार्थ के रूप में सूचीबद्ध नहीं है।

## टोल न भरने पर देना होगा दोगुना जुमार्ना

### सीधे फोन पर आएगा चालान, सरकार लाई नया नियम




नई दिल्ली। भारत सरकार ने नेशनल हाईवे फीस नियम, 2026 में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। नए नियम 17 मार्च 2026 से लागू हो गए हैं। इन संशोधनों का मुख्य उद्देश्य टोल वसूली को पूरी तरह डिजिटल बनाना और नियमों को सख्त करना है, ताकि नेशनल हाईवे पर सफर को आसान और पारदर्शी बनाया जा सके। इससे टोल वसूली को डिजिटल बनाने और गड़बड़ी रोकने में मदद मिलेगी। नए नियमों में ऐसा प्रावधान किया गया है कि अगर कोई गाड़ी बिना टोल टैक्स दिए गुजरती है तो उसके मालिक से दोगुना टैक्स वसूला जाएगा। नए नियम के तहत सरकार ने अब ई-नोटिस सिस्टम शुरू किया है। यानी अगर कोई वाहन हाईवे पर टोल दिए बिना निकल गया, या भुगतान पूरा नहीं हुआ, तो मालिक को सीधे डिजिटल नोटिस भेजा जाएगा। अगर नोटिस मिलने के 72 घंटे के भीतर भुगतान नहीं किया गया तो टोल की रकम दोगुनी देनी पड़ेगी। सरकार ने नियमों में एक नया शब्द जोड़ा है, अनपेड यूजर फीस। इसका मतलब है ऐसा टोल जो इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम में रिकॉर्ड हो गया हो, लेकिन भुगतान नहीं हुआ हो। ऐसे मामले कई तरह से सामने आ सकते हैं, जैसे फास्टैग में बैलेंस कम होना, लेनदेन फेल होना, या वाहन का टोल प्लाजा से गुजरना लेकिन भुगतान नहीं होना। सरकार का कहना है कि नया नियम टोल वसूली में होने वाली कमी को रोकने और नियमों का पालन मजबूत करने के लिए लाया गया है।

## इजरायली हमले में ईरान के खुफिया मंत्री खतीब की मौत

तेहरान। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने इजरायली हमले में देश के खुफिया मामलों के मंत्री इस्माइल खतीब की मौत की आधिकारिक पुष्टि करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया है। यह पिछले 24 घंटे के भीतर किसी उच्च पदस्थ तीसरे ईरानी अधिकारी की हत्या है। खतीब की मौत से पहले सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र के प्रमुख अली लारीजानी और बसीज मिलिशिया के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी भी मारे गए थे।



राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने खुफिया प्रमुख की हत्या की पुष्टि करते हुए एक्स पर लिखा मेरे प्रिय सहयोगियों इस्माइल खतीब, अली लारीजानी और अजीज नासिरजादेह की कायरतापूर्ण हत्या, साथ ही उनके परिवार के कुछ सदस्यों और साथ आई टीम के मारे जाने से हम गहरे शोक में हैं। उन्होंने कहा कि मैं दो कैबिनेट सदस्यों, शूरा के सचिव और सैन्य एवं बसीज कमांडरों की शहादत पर ईरान की महान जनता के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मुझे विश्वास है कि उनका रास्ता पहले से कहीं अधिक दृढ़ता के साथ जारी रहेगा। इससे पहले, इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा कि उन्होंने और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना को किसी भी अन्य वरिष्ठ ईरानी अधिकारी को निशाना बनाकर मारने का अधिकार दे दिया है।

## वॉशिंगटन डीसी के सैन्य बेस पर अज्ञात ड्रोन दिखने से हड़कंप

### मार्को रूबियो और पीट हेगसेथ की सुरक्षा बढ़ाई



वॉशिंगटन। अमरीका की राजधानी वाशिंगटन डीसी स्थित एक प्रमुख सैन्य बेस ह्यफोर्ट मैकनेयरह्ल के ऊपर कई अज्ञात ड्रोन देखे जाने के बाद अमरीकी सुरक्षा हलकों में हड़कंप मच गया है। इस घटना के बाद व्हाइट हाउस में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई और सुरक्षा उपायों को कड़ा कर दिया गया है। ह्यद वाशिंगटन पोस्टह्ल की रिपोर्ट के अनुसार, इसी सैन्य बेस पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ का निवास स्थान भी है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पिछले 10 दिनों के भीतर एक ही रात में कई ड्रोन देखे गए। ये ड्रोन कहां से आए, इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। ड्रोन दिखने के बाद प्रशासन ने सर्वश्री रूबियो और हेगसेथ को किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर भेजने पर विचार किया था, हालांकि फिलहाल दोनों अपने वर्तमान आवास पर ही बने हुए हैं। प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 28 फरवरी से ईरान पर शुरू हुए अमेरिका-इजरायल हमलों के बाद से अमेरिकी सेना हाई अलर्ट पर है। इस घटना के बाद अलर्ट स्तर को और अधिक बढ़ा दिया गया है। पेंटागन के मुख्य प्रवक्ता सीन पार्नेल ने रक्षा मंत्री हेगसेथ की सुरक्षा और उनकी आवाजाही पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए इसे अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना बताया।




## ट्रंप की ईरान को चेतावनी, कतर पर दोबारा हमला हुआ तो पूरा गैस फील्ड उड़ा देंगे






वॉशिंगटन। इजरायल द्वारा बुधवार रात ईरान के एक महत्वपूर्ण गैस केंद्र साउथ पार्स गैस फील्ड पर हमला करने पर जवाबी हमले में ईरान ने कतर में एक प्रमुख एलएनजी सुविधा पर जवाबी हमला करने पर अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की चेतावनी दी कि अगर कतर पर दोबारा हमला हुआ तो वे उसका पूरा गैस फील्ड को उड़ा देंगे जो ईरान ने कभी सोचा नहीं होगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ईरान ने कतर के रास लाफान औद्योगिक क्षेत्र सहित पड़ोसी देशों के ऊर्जा केंद्रों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किये, जिससे वहां की एलएनजी सुविधाओं को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने साउथ पार्स गैस फील्ड पर इजरायल के हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि पश्चिमी एशिया में जो कुछ भी हुआ है, उससे गुस्से में आकर इजरायल ने हिंसक तरीके से ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड पर हिंसक हमला किया है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि पूरे क्षेत्र का अपेक्षाकृत छोटा हिस्सा ही प्रभावित हुआ है। हैरानी की बात यह है कि अमरीकी राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका को इस हमले का पता नहीं था, न उन्हें इसका अंदाजा था कि ऐसा कुछ होने वाला है। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि और कतर भी इसमें शामिल नहीं था। मगर यह भी जोड़ा कि ईरान का कतर की एलएनजी गैस सुविधा के एक हिस्से पर हमला अनुचित और अन्यायपूर्ण था। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस अत्यंत महत्वपूर्ण और बहुमूल्य साउथ पार्स फील्ड में इजरायल अब कोई और हमले नहीं करेगा, हालांकि यह भी चेतावनी दी कि जब तक ईरान मूर्खतापूर्ण ढंग से बेहद निर्दोष देश कतर पर हमला करने का फैसला नहीं करता। अगर ईरान ऐसा करता है तो अमेरिका, इजरायल की मदद या सहमति के बिना या उसके साथ पूरे साउथ पार्स गैस फील्ड को इतनी ताकत और शक्ति से उड़ा देगा जैसा ईरान ने पहले कभी नहीं देखा होगा। गौरतलब है कि दुनिया का सबसे बड़ा गैस क्षेत्र पार्स गैस फील्ड दक्षिणी ईरान के बुशहर प्रांत के तट पर स्थित है।

मां रेवा पब्लिकेशन एंड प्रिंटर्स
जबलपुर शहर में सबसे कम दामों में
समाचार पत्र के A to Z कार्य का एकमात्र स्थान
प्रिंटिंग
जॉब वर्क
न्यूज पेपर
पीडीएफ
संपर्क करें 7415685293 9589490996 9340553112
68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम आर 4 रोड, उखरी, जबलपुर (मप्र)

क्या पुलिस की चुप्पी से फल-फूल रहा जुआ, सट्टा, शराब और रेत माफिया?

# पवित्र नगरी मंडला में अवैध कारोबारियों का साम्राज्य, जिम्मेदार कौन....?







**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। मंडला जिला, जिसे कभी ह्लपवित्र नगरीह्व का दर्जा देते हुए माँ नर्मदा तट के आसपास शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया था, आज उसी जिले में अवैध कारोबार खुलेआम पनप रहा है। सवाल यह है कि आखिर किसके संरक्षण में यह पूरा खेल चल रहा है?**

## गली-गली जुआ-सट्टा, घर-घर पहुंच रही अवैध शराब

सूत्रों के अनुसार, जिले के लगभग हर थाना क्षेत्र में जुआ और सट्टा धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। नगर और उपनगरीय क्षेत्रों में होटल-ढाबों से लेकर मोहल्लों तक अवैध शराब की सप्लाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि प्रतिबंध के बावजूद- बेनामी तरीके से बड़ी संख्या में शराब की बिक्री

ठेकेदारों द्वारा ह्लकुचियोंह्व के जरिए घर-घर डिलीवरी प्रशासनिक नियंत्रण पूरी तरह कमजोर रेत माफिया बेखौफ – रातभर दौड़ते ओवरलोड डंपर सूत्रों के अनुसार, जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन भी चरम पर है। शाम ढलते ही ओवरलोड डंपरों की कतारें निकल पड़ती हैं और पूरी रात बिना रोक-टोक रेत का परिवहन होता है।

## सबसे चौंकाने वाली बात–

यह वाहन कई बार थानों और चौकियों के सामने से गुजरते हैं, फिर भी कार्रवाई न के बराबर, उठ रहे गंभीर सवाल, क्या अवैध कारोबार पर लगाम लगाने में सिस्टम पूरी तरह नाकाम है? या फिर कहीं न कहीं मौन स्वीकृति का खेल चल रहा है? आखिर क्यों नहीं हो रही सख्त और लगातार कार्रवाई?

## आवाज उठाने वालों पर दबाव?

सूत्रों के अनुसार, जो लोग या पत्रकार इन मुद्दों को उठाने की कोशिश करते हैं, उन्हें कथित रूप से दबाव या धमकियों का सामना करना पड़ता है। अगर यह सच है, तो यह न केवल कानून व्यवस्था बल्कि लोकतंत्र के लिए भी गंभीर खतरे का संकेत है।

## जनता में आक्रोश, जवाब की मांग

अब आमजन सवाल पूछ रहा है– पवित्र नगरी की पहचान आखिर कहां खो गई? अवैध कारोबार पर रोक कब लगेगी? जिम्मेदार कौन है?

**मांग – निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई-** जनता की मांग है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच हो, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। मंडला में कानून का डर खत्म? – अब जवाब देना होगा!

अवैध प्लॉटिंग पर प्रशासन का सख्त एक्शन

# तीन कॉलोनाइजरों पर FIR, 32 अवैध प्लॉट काटे गए थे




**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला जिले के नैनपुर में प्रशासन ने अवैध कॉलोनाइजेशन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ग्राम तुईयापानी (पिण्डरई) में बिना अनुमति प्लॉटिंग करने वाले तीन कॉलोनाइजरों पर एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई कलेक्टर के निर्देश पर और एसडीएम नैनपुर आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में हुई। राजस्व विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कृषि भूमि पर बिना किसी वैधानिक अनुमति के प्लॉट काटकर बेचे जा रहे हैं। इन शिकायतों के आधार पर तहसीलदार नैनपुर के नेतृत्व में एक टीम ने मौके पर जांच की। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने न तो भूमि का डायवर्जन कराया था, न ही टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (TNCP) से कोई अनुमति ली थी और न ही कॉलोनाइजर के रूप में अपना पंजीयन कराया था। इसके बावजूद, कच्ची सड़कें बनाकर अवैध रूप से प्लॉट बेचे जा रहे थे। राजस्व निरीक्षक शिवकुमार वरकड़े की शिकायत पर नैनपुर थाने में नरेंद्र जैन (निवासी पिण्डरई), मुस्तफा खान और अकरम अंसारी (दोनों निवासी नैनपुर) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रशासन ने संबंधित खसरों पर क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश भी जारी किए हैं। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि आरोपियों ने लगभग 32 अवैध प्लॉट काटे थे। पुलिस ने मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भारत गौरव ट्रेन में महिला यात्री की मौत



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** तमिलनाडु से संचालित 'भारत गौरव स्पेशल ट्रेन' (06903) में यात्रा कर रही एक वृद्ध महिला की मंडला के नैनपुर में अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना ट्रेन के नैनपुर स्टेशन पहुंचने से ठीक पहले हुई। प्राथमिक जांच में मौत का कारण 'हार्ट फेल' होना माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, यह स्पेशल ट्रेन तीर्थयात्रियों को लेकर काशी, वाराणसी और गया के दर्शन कराने के बाद वापस लौट रही थी। मृतका की पहचान 72 वर्षीय पुष्पा पलानिवेलु के रूप में हुई। सफर के दौरान अचानक पुष्पा की हालत बिगड़ी और देखते ही देखते उन्होंने दम तोड़ दिया। ट्रेन के नैनपुर स्टेशन पहुंचते ही रेलवे प्रशासन और सुरक्षा बल सक्रिय हो गए। नैनपुर स्टेशन पर जीआरपी थाना प्रभारी दिनेश बढ़ई, आरपीएफ और अन्य रेलवे अधिकारियों की मौजूदगी में शव को कोच से नीचे उतारा। पुलिस ने मौके पर पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय सिविल अस्पताल भेजा। मदुरई में रह रहे महिला के परिजनों को घटना की तत्काल सूचना दे दी गई है। सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, महिला के पार्थिव देह को ट्रेन मैनेजर की देखरेख में एम्बुलेंस के जरिए नागपुर के लिए रवाना किया गया। वहां से शव को उनके गृह नगर मदुरई ले जाने की व्यवस्था की जा रही है।

# नैनपुर में न्याय बिक रहा है या कानून सो रहा है!

# थाना या सेटिंग सेंटर ?

**दैनिक रेवांचल टाइम्स - नैनपुर,** मंडला जिले का नैनपुर थाना में इन दिनों एक नया ह्लमॉडलह्व चर्चा में है–जहां शिकायत थाने में जाती है और समाधान होटल में निकलता है। सवाल यह है कि यह पुलिसिंग है या ह्लप्राइवेट कलेक्शन सिस्टमह्व? नैनपुर की गलियों में चर्चा का आम थाने के बाहर दलाल, अंदर खामोशी! कहा जाता है कि कानून अंधा होता है, लेकिन नैनपुर में तो लगता है कानून ने आंखों पर पट्टी के साथ-साथ कानों में भी रुई डाल ली है। जैसे ही कोई फरियादी या कोई आपराधिक गतिविधि का मामला थाने पहुंचता है, कुछ ह्लस्वघोषित पत्रकार, समाजसेवी जो आये दिन अपनी फोटो जिले के बड़े नेताओं के साथ लेकर सोशल मीडिया में पोस्ट कर अपने आप को "प्रभावशालीह्व और समाजसेवी और स्वंय भू पत्रकार कहलाने से पीछे नहीं हटते ऐसे लोग सक्रिय हो जाते हैं मानो उन्हें भविष्यवाणी हो चुकी हो और उन्हें पहले से ही सूचना मिल चुकी हो। की कौन सी घटना कहाँ और कब घटित हो रही है या होने वाली है, इनकी गिद्ध की निगाहें से नही चुकता है पुलिस विभाग को बाद में पता चलता है पर इन्हें पहले ही जानकारी या पता चल जाता है आखिर कैसे ? वही स्थानीय सूत्र बतलाते हैं कि:- फिर शुरू होता है असली खेल– थाने के सामने होटल में मंडवाली, जहां न्याय का भाव-ताव तय होता है।

**रसीद नहीं, लेकिन रकम पक्की!**

**डीजल चोरी गैंग: सिस्टम से तेज नेटवर्क!**

नैनपुर में डीजल चोरी कोई नई बात नहीं, लेकिन अब यह ह्लसंगठित उद्योगह्व का रूप ले चुका है– 30+ सदस्य, पूरा नेटवर्क तैयार, 7-8 गाड़ियां– ब्लैक फिल्म, संदिग्ध नंबर प्लेट, लाखों का डीजल गायब, लेकिन कार्रवाई लापता

व्यंग्य यही है कि– डीजल तो टैंकर से चोरी हो रहा है, लेकिन जिम्मेदारी सिस्टम से! कानूनी एंगल: ये सीधे-सीधे अपराध हैं वही अगर लगाए जा रहे आरोप सही हैं, तो यह सिर्फ अनैतिक नहीं, बल्कि गंभीर आपराधिक कृत्य हैं– क्योंकि देश का कानून कहता है कि.....भारतीय दंड संहिता (क्ढउ) की धारा 384 (जबर्दस्ती वसूली/Extortion) धारा 420 (धोखाधड़ी) धारा 120इ (आपराधिक षड्यंत्र) यदि पुलिस की मिलीभगत साबित होती है तो भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत भी मामला बनता है।

यानी सेटिंग सिर्फ शब्द नहीं, कानून की नजर में संज्ञेय अपराध है। पुलिस पर सवाल या सिस्टम पर शक? सीधे आरोप लगाना आसान नहीं, लेकिन सवाल तो उठेंगे– क्या थाना स्तर पर इन गतिविधियों की जानकारी नहीं है? अगर है, तो कार्रवाई क्यों नहीं? अगर नहीं है, तो फिर यह ह्लओपन सिस्टमह्व कैसे चल रहा है? स्थानीय लोग कहते हैं– यहां केस नहीं, ह्यकनेक्शनह्ल काम आता है।

## अपराध बढ़े, भरोसा घटा

नैनपुर में अपराधों की सूची लंबी होती जा रही है– जुआ-सट्टा, डीजल चोरी, मवेशी तस्करी, गांजा कारोबार अन्य अपराध और अपराधियों से गठबंधन किया जाने की जानकारी का चर्चा गर्म है। वही बस




स्टैंड और वार्ड 1, 10, 15 में संदिग्ध गतिविधियों ने आम नागरिकों की नींद उड़ा दी है। जनता पूछ रही हैङ्क आखिर जवाब कौन देगा? क्या नैनपुर में कानून ह्लआउटसोर्सह्व हो चुका है?

क्या दलाल तंत्र पर नकेल कसी जाएगी? या फिर ह्लसेटिंग सिस्टमह्व ही नया कानून बन जाएगा?

अगर आरोप गलत हैं तो जांच हो अगर सही हैं तो कार्रवाई हो क्योंकि जनता अब चुप नहीं रहेगी। जनहित हित को ध्यान में रखते हुए ऐसे दलालों को विभागो से दूर रखना आवश्यक जिससे विभागों की छवि धूमिल होने से बच सके।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का भुआ बिछिया में शुभारंभ, जनभागीदारी से जल संरक्षण का संकल्प




**दैनिक रेवांचल टाईम्स - मंडला, भुआ बिछिया।** शासन के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में 19 मार्च 2026 से प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भुआ बिछिया नगर में भी इस महत्वपूर्ण अभियान का शुभारंभ किया गया। ह्लजल बचाएं, भविष्य संवारेंह्व के उद्देश्य के साथ शुरू हुए इस अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जनभागीदारी आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नगर परिषद भुआ बिछिया के वार्ड क्रमांक 14 स्थित राममंदिर के समीप एनीकट घाट पर साफ-सफाई अभियान चलाकर इस कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। यह शुभारंभ भारतीय नववर्ष प्रतिपदा (गुढ़ी पड़वा) के पावन अवसर पर हुआ, जिससे आयोजन को विशेष सांस्कृतिक महत्व भी मिला। अभियान के तहत नगर क्षेत्र में स्थित वाटर बॉडीज (जलाशयों) की व्यापक स्तर पर सफाई, मरम्मत और संरक्षण का कार्य किया जाएगा। यह अभियान लगातार तीसरे वर्ष संचालित हो रहा है, जिसमें कुओं, बावड़ियों, नदियों, तालाबों, चेकडैम एवं स्टॉपडैम के पुनरुद्धार के साथ अतिक्रमण हटाने और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। यह अभियान 30 जून 2026 तक अनवरत जारी रहेगा। नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी ने कहा कि इस अभियान की सफलता का मूल आधार जनभागीदारी है। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (डिप्टी कलेक्टर) संस्कार बावरिया ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक इस महाअभियान में सक्रिय रूप से जुड़ें, श्रमदान करें और जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण में सहयोग दें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि समाज और सरकार मिलकर कार्य करें तो प्रदेश को जल समृद्ध बनाया जा सकता है। इस अभियान से भू-जल स्तर में सुधार, किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी, अल्प वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों को राहत तथा पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी। साथ ही, शहरी अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा और भविष्य के लिए बेहतर जल प्रबंधन सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संस्कार बावरिया, पार्षदगण, शशिकांत श्रीवास्तव, अजय पुरी गोस्वामी, हर्षलता मुकेश श्रीवास, नरेश कल्लू कसार, अशोक नानकानी, रिक्खीराम परस्ते, स्वच्छता नोडल अधिकारी एच.आर. कुरैशी, जल प्रदाय प्रभारी अशोक यादव, स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रसन्न यादव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 9 साल की सेवा के बाद बेरोजगार! महिला कर्मचारी की पुकार पहुंची जनसुनवाई तक

**दैनिक रेवांचल टाइम्स` मंडला,** जिले के योजना भवन में प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में एक शिकायत आई जहाँ विगत दस वर्षों से कार्य कर रही महिला को बिना पूर्व सूचना के हटा दिए जाने का आवेदन दिया गया जहाँ अपने आवेदन में लिखा है कि, बिना कारण हटाई गई आरती यादव, परिवार पर टूटा रोजी-रोटी का संकट – अस्थायी कर्मचारियों के अधिकारों पर खड़े हुए बड़े सवाल नगर पालिका परिषद के अंतर्गत वर्षों तक सेवा देने वाली एक महिला कर्मचारी को अचानक कार्य से हटा दिए जाने का मामला अब जनसुनवाई तक पहुंच गया है। पीड़ित महिला आरती यादव ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए पुनः बहाली की मांग की है।

**9 साल की सेवा, फिर भी नहीं मिला सहारा-** वही प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरती यादव 1 सितंबर 2017 से 17 जनवरी 2026 तक कलेक्टर बंगले में कार्यरत रहीं। करीब 9 वर्षों तक लगातार सेवा देने के बावजूद उन्हें अचानक बिना किसी स्पष्ट कारण के कार्य से हटा दिया गया। इस फैसले ने न सिर्फ उनकी नौकरी छीन ली, बल्कि उनके पूरे परिवार की आजीविका पर संकट खड़ा कर दिया है। आरती यादव का कहना है कि वह परिवार की मुख्य कमाने वाली सदस्य हैं और उनकी



आय पर ही घर का खर्च चलता था।

**अब कैसे चलेगा घर?-** आरती यादव पिछले दो महीनों से दफ्तर-दर-दफ्तर भटक रही हैं, लेकिन अब तक उन्हें कोई ठोस जवाब नहीं मिला। थक-हारकर उन्होंने जनसुनवाई में आवेदन देकर अपनी पूरी व्यथा सुनाई। 9 वर्षों तक कार्य करने के बाद बिना कारण के मुझे हटा दिया गया, इसलिए मैंने जनसुनवाई में आवेदन दिया है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है।

**आरती यादव अन्य कर्मचारियों पर भी गिरी गाज?-** सूत्रों के अनुसार, सिर्फ आरती यादव ही नहीं, बल्कि अन्य विभागों के 4झ5 अस्थायी कर्मचारियों को भी बिना नोटिस या सूचना के कार्यमुक्त कर दिया गया है। इससे कई परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।

## प्रशासन का पक्ष

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी गजानन नाफड़े ने कहा– मुझे इसकी जानकारी नहीं है। लेबर फिक्स नहीं होता, जरूरत के हिसाब से कम-ज्यादा किया जाता है। यह बयान अपने आप में कई सवाल खड़े करता है कि क्या वर्षों तक सेवा देने वाले कर्मचारियों के लिए कोई स्पष्ट नीति नहीं है?

**बड़ा सवाल-** क्या अस्थायी कर्मचारियों की कोई सुरक्षा नहीं? और बिना नोटिस नौकरी से हटाना कितना न्यायसंगत? क्या प्रशासन इस मामले में संवेदनशीलता दिखाएगा?

**अब नजर प्रशासन पर-** जनसुनवाई में अधिकारियों ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। अब देखना यह होगा कि जांच कितनी निष्पक्ष और तेज होती है, और क्या आरती यादव को न्याय मिल पाता है या नहीं।

# खबर का असर: हैंडपंप सुधरा, ग्रामीणों को राहत




**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** नैनपुर मंडला जिले की नैनपुर तहसील अंतर्गत ग्राम परसवाड़ा में पेयजल समस्या को लेकर प्रकाशित खबर का असर अब जमीन पर दिखाई देने लगा है। वार्ड क्रमांक 3 में पिछले एक सप्ताह से खराब पड़ा हैंडपंप आखिरकार पीएचई विभाग नैनपुर द्वारा सुधार दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, हैंडपंप खराब होने से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। दूर-दराज से पानी लाने की मजबूरी बनी हुई थी। खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग ने सक्रियता दिखाते हुए हैंडपंप को ठीक कराया, जिससे अब ग्रामीणों को राहत मिली है। इतना ही नहीं, गांव में एक अन्य खराब हैंडपंप को भी सुधारने की जानकारी सामने आई है, जिससे जल संकट में और कमी आई है। ग्रामीणों ने राहत की सांस लेते हुए उम्मीद जताई है कि इसी तरह पूरे मंडला जिले में पीएचई विभाग तत्परता से काम करता रहेगा, ताकि कहीं भी पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। जनता की आवाज उठी तो प्रशासन हरकत में आया – यही है खबर की ताकत!

# नवरात्रि के प्रथम दिन मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, माँ नर्मदा के दरबार में भी गूंजे जयकारे




**दैनिक रेवांचल टाईम्स - मंडला,** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर आज सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। माँ भगवती दुर्गा मंदिरों और खेरमाई मंदिरों में भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। वही नगर के प्रमुख मंदिरों में तड़के से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं। माता के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। महिलाओं और युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया, वहीं कई श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। इसी के साथ मंडला नगर की जीवनदायिनी नर्मदा नदी के पावन तट पर भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने माँ नर्मदा के दरबार में पहुंचकर स्नान, पूजा-पाठ, आरती कर चुनरी अर्पित की और आशीर्वाद प्राप्त किया। नवरात्रि के शुभ अवसर पर पूरे नगर में धार्मिक आस्था और उल्लास का माहौल बना हुआ है। मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है और आगामी दिनों में विभिन्न धार्मिक आयोजनों की तैयारियां भी जोरों पर हैं।




# मंडल अध्यक्ष ने महिला से स्थानांतरण कराने के नाम लिए 40 हजार, पार्टी को किया दागदार, नही हुई कार्यवाही

## बातचीत में प्रभारी मंत्री, कैबिनेट मंत्री, विधायक, कलेक्टर, जिलाध्यक्ष तक का नाम, पार्टी के नाम वसूल रहे हैं लाखों रुपए

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिला अनूपपुर में एक घटना जो जिले के गांव गांव से लेकर देश, प्रदेश भर में सावन,भादों के बादल की तरह छाया है, जिसमें जिला मुख्यालय अनूपपुर के मंडल अध्यक्ष के द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का नाम लेकर रुपए लेकर देने के बदले स्थानांतरण कराए जाने एवं कलेक्टर से फाइल दबाने की बातचीत की जा रही है, साथ में सामूहिक रूप से गाली दिए जाने की रिकॉर्डिंग आवाज भी सुनाई दे रही। काल रिकॉर्डिंग को सुनने से स्पष्ट प्रतीत हो रहा कि मण्डल अध्यक्ष के द्वारा महिला से रुपया लिया गया है, स्थानांतरण कराए जाने के लिए लेकिन काम अभी तक नहीं हुआ है। मंडल अध्यक्ष की रिकॉर्डिंग यह भी बयां कर रही की उपरोक्त राशि 40 हजार जो प्रभारी मंत्री के पीए के माध्यम से मंत्री जी को दी गई है। इतनी स्पष्ट आवाज जो गूंगे बहरे भी सुनकर समझ जाएंगे पूरा मामला क्या है, फिर भी मामले को लेकर जब जिम्मेदारों से बात की जाती है तो उनका केवल एक जवाब रहता है। मामला संज्ञान में आया है, जांच कर कड़ी कार्यवाही करेंगे उन जिम्मेदारों से जनमानस के लोग यह जानना उचित समझा




रहे हैं कि जब पूरी बात की रिकॉर्डिंग स्पष्ट सुनाई दे रही है। महिला कर्मचारी काम न होने की स्थिति में अपने पैसे वापस मांग रही, इसके बाद भी मंडल अध्यक्ष पूर्व विधायक कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रोतेल, को लेकर कलेक्टर के पास जाने की बात कर रहा है। वहीं दूसरी ओर यह भी कह रहा की प्रभारी मंत्री को स्वयं की चिंता है, गाली देकर इसी काम के बदले पैसा लिया है, काम होगा क्यों नहीं उसमें यह भी स्पष्ट सुनाई दे रहा की मैं अभी तक अपने काम में फंसा हुआ था, अब मेरा काम हो गया है, जल्द ही आपका काम हो जाएगा कलेक्टर फाइल दबा के रखा है, आज या कल हम जाकर कलेक्टर से बात करेंगे करेंगे। कलेक्टर का नाम लेकर ऐसे बात कर रहा है जैसे कलेक्टर उसका नौकर हो, और कह रहा है अगर अटैच कराना होगा तो एक घंटे में करा दूंगा। इस तरह का कार्य करके मंडल अध्यक्ष पार्टी, पदाधिकारियों, मंत्री व प्रशासन को दागदार कर रहा है, सोचने वाली बात है कि क्या मंत्री स्थानांतरण के नाम पर इतनी छोटी सी रकम ले सकता है? ऐसा लग रहा है कि पूरा 40 हजार रुपया खुद मंडल अध्यक्ष खा गया, महिला का न तो स्थानांतरण करवाया न महिला को रुपए वापस किया। पता कितने लोगों से स्थानांतरण के नाम पर लाखो रुपए वसूले होंगे। ऐसे भ्रष्ट मंडल अध्यक्ष को पार्टी तुरंत बाहर का रास्ता दिखा देना चाहिए। खबर लिखे जाने तक पार्टी ने अभी तक मंडल अध्यक्ष पर कोई कार्यवाही नही की है। कार्यवाही कब करेगी या नही करेगी आने वाला समय ही बता पायेगा। प्रश्न चिन्ह तो यहां खड़ा हो रहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार सट्टा एवं संगठन की जिम्मेदार अपने पार्टी को गंगाजल की तरह पवित्र मानते हैं और उन्हें का अदना सा मंडल अध्यक्ष उसे गंगाजल में भ्रष्टाचार रूपी कालिख पोतकर जिलाध्यक्ष, प्रभारी मंत्री, विधायक, सरकार, सत्ता,संगठन, यहां तक की जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर के नाम को बदनाम करने की कुटाई नहीं छोड़ रहा, इतने के बावजूद भी लगभग सभी जिम्मेदार चुप्पी साधकर मौन बैठे हुए हैं जो जनमानस को नहीं पच रहा। इन जिम्मेदारों के इस मौन चुप्पी से बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा कि मंडल अध्यक्ष के इस रिकॉर्डिंग रूपी ऑडियो वीडियो में सत्यता तो नहीं,प्रभारी मंत्री मंडल अध्यक्ष के माध्यम से गरीब कर्मचारी का पैसा हजम कर गए हों। अगर प्रभारी मंत्री के द्वारा मंडल अध्यक्ष से स्वास्थ्य विभाग की महिला कर्मचारी का स्थानांतरण कराए जाने को लेकर पैसे नहीं लिया गया तो फिर झूठे बयान बाजी और अभद्र भाषा को लेकर मंडल अध्यक्ष के विरुद्ध अभी तक प्रभारी मंत्री के साथ सत्ता संगठन के द्वारा कड़ी कार्यवाही क्यों नहीं की गई।

### इनका कहना –

मैं अभी मुख्यालय से बाहर हूं, मामला संज्ञान में आया है, वापस आने के बाद पूरे मामले की जांच करा कर निश्चित तौर पर दोषी जन कोई भी हो कड़ी कार्रवाही करूंगा।

**हीरा सिंह श्याम,**
**जिलाध्यक्ष, भाजपा, अनूपपुर**

समाचारों के माध्यम से खबर मिली है, जिला अध्यक्ष से चर्चा कर तत्काल मामले को संज्ञान में ले रहा हूँ, अगर मंडल अध्यक्ष गलत है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**गौरव सिरोठिया,**
**भाजपा संगठन प्रभारी, संभाग शहडोल**

पूरे मामले को लेकर जब अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार से फोन कॉल मिलाकर बात किए जाने का प्रयास किया गया तो एक बार उन्होंने कहा मैं थोड़ी देर से बात करता हूं, दूसरी बार कॉल किए जाने के बाद उन्होंने फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा।

**दिलीप अहिरवार,**
**प्रभारी मंत्री, अनूपपुर**

मुझे तत्काल पूरे मामले की ऑडियो वीडियो के साथ समाचार की खबरें भेजिए, मैं प्रदेश अध्यक्ष से बात कर पूरे मामले से अवगत कराऊंगा। मंडल अध्यक्ष हो या भाजपा का कोई भी कितना भी बड़ा पदाधिकारी क्यों ना हो, अगर गलत किया है तो कड़ी कार्यवाही होगी।

**श्याम महाजन,**
**भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री, मध्य प्रदेश**

# नप के जेसीबी से उपाध्यक्ष करा रहा है कॉलरी की खदान से अवैध मिट्टी की निकासी, रेलवे स्टेशन में 10 लाख का है ठेका

## अध्यक्ष सीएमओ को नही है जानकारी, पार्षदो व स्थानीय लोगो ने जताया विरोध, कार्यवाही की मांग



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले के अमलाई क्षेत्र में एक बार फिर अवैध उत्खनन का मामला सामने आया है। आरोप है कि कोल इंडिया की खदानों से अवैध रूप से ओवरबर्डन (ऊपरी परत की मिट्टी) निकालकर अमलाई रेलवे स्टेशन में बन रहे प्लेटफॉर्म निर्माण कार्य में डाली जा रही थी। यह काम पिछले दो दिनों से लगातार चल रहा था। इस पूरे मामले में नगर परिषद बरगवां-अमलाई की जेसीबी मशीन लगाए जाने की भी बात सामने आई है, जिससे मामला और गंभीर हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार कोल इंडिया की खदानों से बिना अनुमति मिट्टी की निकासी कर उसे ट्रैक्टर और मेटाडोर के माध्यम से रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि रेलवे स्टेशन में मिट्टी भराई का करीब 8 से 10 लाख रुपए का ठेका लिया गया है और उसी के तहत यह काम कराया जा रहा था। आरोप है कि यह पूरा कार्य नगर परिषद बरगवां-अमलाई के उपाध्यक्ष राज तिवारी के इशारे पर कराया जा रहा था। जिस पर पार्षद और भाजपा नेता पवन चीनी समेत अन्य भाजपा पार्षदों ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया। पार्षदों का आरोप है कि कोल इंडिया की खदान से चोरी-छिपे ओवरबर्डन मिट्टी निकालकर रेलवे के निर्माण कार्य में डाली जा रही थी, जो पूरी तरह अवैध है। मौके पर मौजूद जेसीबी चालक राशिद खान पिता मोहम्मद रफीक ने बताया कि उसे जेसीबी लेकर आने और मिट्टी निकालने के लिए कहा गया था। उसने यह भी कहा कि नगर परिषद में इस काम की कोई विधिवत एंट्री नहीं है और न ही अवैध उत्खनन के लिए मशीन दी जाती है। चालक के अनुसार नगर परिषद के उपाध्यक्ष राज तिवारी पहले भी कई बार इसी तरह के काम अनाधिकृत रूप से कराते रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही कोल इंडिया के एरिया सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह मौके पर पहुंचे। उनके साथ सोहागपुर एरिया के अन्य सुरक्षा अधिकारी भी पहुंचे और पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। इसके बाद सर्वे विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया, जिन्होंने बताया कि यह पूरा क्षेत्र सुहागपुर एरिया के अंतर्गत आता है, जहां से मिट्टी का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। नगर परिषद बरगवां-अमलाई के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने इस मामले में कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यों की निगरानी इंजीनियर के माध्यम से होती है और संभव है कि मशीन उसी के द्वारा भेजी गई हो। वहीं रेलवे विभाग की ओर से निर्माण कार्य की निगरानी करने वाले आईओडब्ल्यू के प्रभारी अरविंद ने भी कहा कि उन्हें इस प्रकार की किसी गतिविधि की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई ठेकेदार चोरी-छिपे अवैध रूप से कार्य करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और ठेका भी निरस्त किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि इस काम में दो ट्रैक्टर और एक मेटाडोर भी लगाए गए थे, जो खदान से मिट्टी निकालकर रेलवे स्टेशन तक पहुंचाने का काम कर रहे थे। फिलहाल कोल इंडिया के अधिकारियों द्वारा देवहरा पुलिस थाना में अवैध उत्खनन की शिकायत दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। अब इस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई का दारोमदार देवहरा पुलिस पर टिका हुआ है कि वह स्वयं मामला दर्ज करती है या फिर इसे खनिज विभाग को जांच के लिए भेजा जाता है। फिलहाल अवैध उत्खनन के इस मामले ने क्षेत्र में कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# प्यार के लिए पुत्र ने माँ का गला घोंटकर की हत्या, प्रेमिका को फोन पर बताई पूरी बात, आरोपी गिरफ्तार





**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले से रिश्तों को झकझोर देने वाली एक खौफनाक वारदात सामने आई है, जहां एक बेटे ने अपनी ही मां की गला घोंटकर हत्या कर दी। वजह, प्रेम संबंधों का विरोध थी। हैरानी की बात ये है कि हत्या के बाद आरोपी ने अपनी प्रेमिका को फोन कर पूरी कहानी सुनाई, जिसका ऑडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है। घटना अमलाई थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 13, राजेंद्र सिंह कॉलोनी की है। आरोपी संजय कोरी ने अपनी मां कुसुम कोरी की देर रात उस वक्त हत्या कर दी, जब वह गहरी नींद में थी। बताया जा रहा है कि मां लगातार बेटे के अवैध संबंधों का विरोध करती थी, जिसको लेकर घर में आए दिन विवाद होता था, घटना वाली रात भी इसी बात को लेकर कहासुनी हुई और गुस्से में आकर बेटे ने अपनी मां का गला दबा दिया। मामले का सबसे खौफनाक पहलू हत्या के बाद सामने आया, आरोपी ने अपनी प्रेमिका को फोन कर बताया कि उसने पहले करीब 20 मिनट तक मां का गला दबाया, जिससे वह बेहोश हो गई। उसे लगा कि मां मर चुकी है, लेकिन जब उसने पानी के छींटे मारे तो मां होश में आ गई और चिल्लाने लगी। इसके बाद आरोपी ने दोबारा गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। फोन पर हुई बातचीत में प्रेमिका आरोपी को शव को रेलवे ट्रैक पर रखकर इसे हादसा दिखाने की सलाह देती रही। हालांकि आरोपी ने यह कहते हुए मना कर दिया कि वह यह काम अकेले नहीं कर सकता। बातचीत में प्रेमिका बार-बार खुद को बचाने और अपना नाम न लेने की हिदायत देती रही। यहां तक कि इस वारदात को शराब के नशे में किया गया कृत्य बताने की बात भी सामने आई।

## 165 एटीएम कार्ड, 23 सिम कार्ड, 20 पासबुक, 05 चेकबुक, 18 मोबाइल फोन, 01 लैपटॉप एवं 01 राउटर जप्त

# बैंक खातों (म्यूल अकाउंट) के विरुद्ध अनूपपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 07 आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले के थाना कोतमा पुलिस द्वारा बैंक खातों (म्यूल अकाउंट) के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले एक बड़े गिरोह का पदार्फाश किया गया है। 27 फरवरी 2026 आवेदक दीपक केवट निवासी ग्राम पडोर, थाना भालूमाड़ा द्वारा थाना कोतमा में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें बताया गया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर बैंक खाते खुलवाकर उनके एटीएम कार्ड, पासबुक एवं सिम कार्ड अपने पास रखकर कमीशन लिया जा रहा है तथा खातों का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी की जा रही है। उक्त शिकायत पर थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपीगण के विरुद्ध धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया, जिसे विवेचना के दौरान धारा 111 बीएनएस से भी जोड़ा गया। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि आरोपी बादल सोनी उर्फ जिमी निवासी कोतमा द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर अनूपपुर जिले के भोले-भाले लोगों के बैंक खाते खुलवाए जाते थे, जो मुख्यतः बैंक ऑफ महाराष्ट्र में खोले जाते थे, क्योंकि इस बैंक के एटीएम कार्ड की लिमिट अधिक होती है। खाता खुलवाने के बाद आरोपियों द्वारा एटीएम कार्ड, पासबुक एवं सिम कार्ड अपने कब्जे में रख लिए जाते थे। इसके बाद ये




खाते मुंबई स्थित आरोपी दीपक यादव उर्फ फिलिप के पास भेजे जाते थे, जो इन्हें सेट कर दुबई भेज देता था। दुबई में बैठे सरगना द्वारा इन खातों का उपयोग अवैध लेन-देन एवं ऑनलाइन ठगी के लिए किया जाता था। ट्रांजेक्शन के बाद राशि की निकासी मुंबई में एटीएम के माध्यम से की जाती थी। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर मुंबई कनेक्शन सामने आने पर पुलिस टीम को मुंबई भेजा गया, जहां दबिश देकर आरोपी दीपक यादव उर्फ फिलिप को गिरफ्तार किया गया। इसके कब्जे से 145 एटीएम कार्ड, 23 सिम कार्ड (एयरटेल, जियो, वीआई), 20 पासबुक, 05 चेकबुक, 14 मोबाइल फोन, 01 डेल लैपटॉप एवं 01 राउटर बरामद किए गए। दुबई में बैठे सरगना हितेश नंदवानी, विशाल जत्यानी एवं पंकज सुखनानी के निर्देश पर कार्य करता था। पार्सल के माध्यम से प्राप्त एटीएम कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों को सेट कर दुबई भेजता था तथा प्रतिदिन 10झ12 लाख रुपये की निकासी कर उक्त व्यक्तियों तक पहुंचाता था।

# पुलिस ने चोरी के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया, भेजा गया जेल

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** नागेन्द्र कुमार अवस्थी पिता रामदेव अवस्थी उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम बदरा थाना भालूमाडा के द्वारा दिनांक 20 जनवरी 2026 को सूचना दी गई थी कि एम.एन. सिंह पेट्रोल पम्प के मालिक संग्राम सिंह निवासी बदरा के परिवार सहित ईलाज कराने नागपुर चले गये है तथा घर में ताला बंद था दिनांक 19-20/01/2026 की रात्रि अज्ञात चोर घर का ताला तोड कर चोरी करने घर में घुस कर अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी कर ले गये है सामान अस्त व्यस्त पडा है मकान मालिक आने पर चोरी गये सामानों के बारे में जानकारी देंगे रिपोर्ट पर थाना भालूमाडा में अप.क्र. 24/2026 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस कायम कर विवेचना की गई । मकान मालिक के घ? में लगे सीसीटीव्ही कैमरा में चोरी की वारदात भी कैद हुई लेकिन तीन चोंरो द्वारा नकाब लगाये होने से पहचांन नही हो सकी तथा घर के बाहर चोरो के द्वारा पहुंचने के लिए इनोवा कार का उपयोग किया गया था तथा इनोवा कार में भी दो व्यक्ति बैठे दिख रहे थे विवेचना के दौरान फरियादी के द्वारा चोरी गये सोने चांदी के जेवरातों की सूची पुलिस को प्रस्तुत की गई थी विवेचना हेतु पुलिस टीम के द्वारा अज्ञात चोर तथा चोरी का माल पकडने के लिए दिन रात प्रयास करते हुए आस पास व रास्ते व टोल नाका के सभी सीसीटीव्ही फउटेज खंगाले गये जिससे पता चला कि टोल नाका मैनटोला बिजुरी से एक इनोवा कार क्रमांक उञ्16 उञ्2914 दिनांक 20 जनवरी 2026 के रात्रि 03.35 बजे मनेन्द्रगढ तरफ जाती हुई दिख रही है तथा उसमें पांच लोग बैठे हुए है जिसके उपर संदेह करते हुए गाडी नम्बर का पता किया गया तो पता चला कि कुर्वान रजा खान पिता गुलबहार खान निवासी तिलईधार थाना सीतापुर सरगुजा छ.ग. के नाम से दर्ज है जो अपने उक्त इनोवा कार को अपने मामा ससुर जब्बीर खान पिता हाफिज खान उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम रायकेरा थाना सीतापुर को चलाने के लिए दिया था और जब्बीर खान अपने दोस्तों अनीश खान उर्फ गोल्डन पिता अमीन खान उम्र 26 वर्ष निवासी रायकेरा टोप्पोपारा थाना सीतापुर जिला सरगुजा, नंदलाल उर्फ नंदू गिरी पिता राम प्रसाद गिरी उम्र 32 वर्ष निवासी बालमपुर जंगलपारा थाना सीतापुर जिला सरगुजा एवं पास्टर उर्फ मानवेन्द्र लकड़ा निवासी नकना थाना सीतापुर जिला सरगुजा के द्वारा घटना दिनांक को उक्त



वाहन से बदरा पहुंचकर फरियादी के घ? का ताला तोड कर सोने चांदी का जेवरात अलमारी में रखे तोड खोल कर चोरी कर ले गये थे चोरों की पता तलास के दौरान वाहन मालिक कुर्वान रजा खान को पकड कर पूछताछ की गई जो बताया कि उसके मामा ससुर जब्बीर खान उसके दोस्त आरिफ खान, नंदलाल उर्फ नंदू गिरी, पास्टर उर्फ मानवेन्द्र लकडा, अनीश उर्फ गोल्डन सभी मिलकर चोरी किये है और चोरी के सोने चांदी के जेवरात अम्बिकापुर स्थित माँ अन्नपूर्ण ज्वेलर्स के मालिक नीरज सोनी पिता उमेश सोनी निवासी चांदनी चौक अम्बिकापुर को 9 लाख रुपये में बिक्री कर दिये है जिसमें उक्त जानकारी के पश्चात आरोपियों की धर पकड के दौरान आरोपी अनीश उर्फ गोल्डन, नंदलाल उर्फ नंदू गिरी, तथा वाहन मालिक कुर्बान खान रजा तथा चोरी के जेवरात खरीददार नीरज सोनी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई प्रकरण के एक आरोपी पास्टर उर्फ मानवेंद्र लकड़ा जो घटना दिनांक से फरार था जिसकी गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर उसके गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किया जा रहा था लगातार संभावित स्थानों में जाकर दबिस दिया जा रहा था जो दिनांक 16 मार्च 2026 को आरोपी मानवेल बेक उर्फ पास्टर पिता राजनाथ बेक उम्र 36 वर्ष निवासी नकना थाना सीतारपुर जिला अम्बिकापुर (सरगुजा) छ.ग.के द्वारा न्यायालय कोतमा में आत्मसमर्पण करने की सूचना मिलने पर तत्काल थाना भालूमाडा पुलिस टीम द्वारा न्यायालय कोतमा पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तारी किया जाकर पूछताछ किया गया आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जो न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी करने पर आरोपी उपरोक्त को जिला जेल अनूपपुर भेजा गया।

## संपादकीय

# अब तेल भी उछलेगा

बीते साल की तुलना में रसोई गैस (एलपीजी) की खपत 17.7 फीसदी कम हुई है, लेकिन संकट और मांग अब भी व्यापक हैं। एलपीजी की तुलना में अब तेल में आग लगने के आसार हैं, जिसकी हकीकत पेट्रोलियम मंत्रालय छिपा रहा है अथवा हरे-भरे आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। बार-बार आश्वस्त किया जा रहा है कि पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे, जबकि अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, चीन, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस सरीखे बड़े देशों में पेट्रोल-डीजल महंगे करने पड़े हैं। पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका जैसे कर्जदार और विपन्न देशों से तुलना क्या करनी? भारत में पेट्रोल की 13 फीसदी और डीजल की 8 फीसदी से अधिक खपत बढ़ी है। ये अधिकृत संगठनों के अध्ययन के निष्कर्ष हैं। गौरतलब तथ्य यह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 17 मार्च को 103 डॉलर प्रति बैरल थी, लेकिन भारत ने 108.23 डॉलर के दाम पर तेल खरीदा है। बीती 16 मार्च को इंडियन बास्केट कच्चे तेल की कीमत ने आसमान छू लिया, जो 142.69 डॉलर प्रति बैरल के अनपेक्षित उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। फरवरी में कच्चे तेल की कीमत हमें 69 डॉलर पड़ी थी। वह मार्च में औसतन 108.23 डॉलर हो गई। एलपीजी के साथ-साथ तेल की कीमतों का यह उछाल भारतीय अर्थव्यवस्था को डांवाडोल कर सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि हमें कच्चा तेल 142 डॉलर की कीमत पर खरीदते रहना पड़ा, तो उससे महंगाई दर 8-10 फीसदी तक उछल सकती है। अभी तो यह 4 फीसदी के करीब बताई जा रही है। भारत की आर्थिक विकास दर लुढक कर 4-5 फीसदी पर आ सकती है। अलग-अलग तिमाही में विकास दर 8 फीसदी से अधिक भी रही है। भारत सरकार के आर्थिक सलाहकारों और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के दावे हैं कि 31 मार्च को समाप्त होने वाले 2025-26 वित्त वर्ष के दौरान विकास दर 7 फीसदी से अधिक रहेगी और आने वाले वित्त वर्ष में भी यह करीब 7 फीसदी रह सकती है, जो विश्व में सर्वाधिक है। अब ईरान युद्ध के प्रभावों के मद्देनजर क्या आर्थिकी होगी, हम उसका विश्लेषण कर रहे हैं। कुछ ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में अभी से तोरी, भिंडी 150 रुपए किलो और नींबू 200 रुपए किलो बिकने शुरू हो गए हैं। प्याज, टमाटर कब महंगे होने लगेंगे, यह इस पर आश्रित है कि महंगाई दर कितनी बढ़ती है और हर वस्तु का परिवहन का खर्च कितना महंगा होता है? एलपीजी संकट के मद्देनजर औसतन रेस्तरां ने खान-पान के दाम 57 फीसदी तक बढ़ा दिए हैं। स्ट्रीट फूड भी 25 फीसदी महंगा हो गया है, लिहाजा आम आदमी पिसने लगा है। सूखे मेवे के दाम 25-45 फीसदी, खाद्य तेल के दाम 20 रुपए प्रति लीटर, दवाइयों के दाम 30 फीसदी तक बढ़ गए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान भी महंगा हुआ है। विमानन कंपनियों ने भी ह्यफ्यूल सरचार्जह्ल थोप दिए हैं। इस तरह खुदरा और थोक महंगाई दरें बढ?ी तय लग रही हैं। एक अनुमान है कि सरकार को 27.6 लाख करोड़ रुपए का घाटा हो सकता है, जाहिर है कि चालू खाता घाटा भी जीडीपी के 2.5 फीसदी तक पहुंच सकता है। बजट में सरकार का लक्ष्य सामने आया था कि चालू खाता घाटा 1 फीसदी के करीब रखा जाएगा। बहरहाल ईरान युद्ध के मद्देनजर ही वित्त मंत्री सीतारमण ने 1 लाख करोड़ रुपए का ह्यआर्थिक स्थिरीकरण कोषह्ल बनाने की घोषणा की थी। इसके लिए आवश्यक धन मौजूदा विनियोग और अतिरिक्त आवंटन से आएगा। हालांकि सरकार से उम्मीद है कि वह चालू वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 फीसदी राजकोषीय घाटे का लक्ष्य हासिल करेगी। चुनौती केंद्र सरकार के सामने ही है कि वह पेट्रोल-डीजल के दाम कब तक बढ़ाने के निर्देश नहीं देगी? कच्चे तेल की कीमतें तो तमाम हदें पार कर चुकी हैं। हमारे दो जहाज भारतीय बंदरगाहों पर आ चुके हैं, जिनमें 92,700 मीट्रिक टन एलपीजी है। यह तो मात्र एक दिन की खपत के बराबर गैस है। अभी हमारे 22 और जहाज पश्चिमी खाड़ी में फंसे हैं।

# वैश्विक दबंगई देखने को लाचार संयुक्त राष्ट्र

कह सकते हैं कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका ऐसे समन्वय केंद्र के रूप में कार्य करने की सोची गई, जिसके मंच पर विश्व के सभी राष्ट्र उसके साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर सकें। लेकिन सवाल यह है कि क्या संयुक्त राष्ट्र संघ ऐसा कर सका है? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। ईरान के खिलाफ अमेरिकी-इजरायली कार्रवाई के बाद एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका और औचित्य दोनों पर सवाल उठा है। दिलचस्प यह है कि अमेरिका ने अतीत में जब भी ऐसी कार्रवाई की, उसने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों को लागू करने का बहाना बनाया। चूंकि मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अलबेले राजनेता हैं, उनके लिए नियम-कायदों और जगतगति से ज्यादा उनकी अपनी जुबान और सोच मायने रखत हैं। इसलिए ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ की ओट लेने की औपचारिकता भी नहीं निभाई।संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना का सबसे बड़ा कारण प्रथम विश्व युद्ध के बाद गठित लीग ऑफ नेशन्स की असफलता रही। अमेरिकी राष्ट्रपति वुडरो विल्सन की पहल पर प्रथम विश्व युद्ध के बाद 10 जनवरी 1920 को स्थापित लीग ऑफ नेशन्स पहला ऐसा अंतर्राष्ट्रीय संगठन था, जिसका मुख्य उद्देश्य कूटनीति और सामूहिक सुरक्षा के जरिए विश्व शांति बनाए रखना था। लीग ऑफ नेशन्स का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रों के बीच के विवादों को सुलझाना, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और वैश्विक स्तर पर निरस्त्रीकरण को अमली-जामा पहनाना रहा।



लेकिन जिनेवा में स्थित वह संस्था ऐसा करने में पूरी तरह नाकाम रही। उसकी नाकामी के चलते जर्मनी और जापान ने विस्तारवादी नीतियां ना सिर्फ अपनाईं, बल्कि रोजाना नए-नए राष्ट्रों पर कब्जा और हमला करने लगे। इसके बाद जो हुआ, वह विश्व इतिहास के काले पन्नों में दर्ज है। बेशक लीग ऑफ नेशन्स को 20 अप्रैल 1946 को आधिकारिक रूप से भंग किया गया, लेकिन इसके पहले ही 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र की स्थापना कर दी गई। इसकी स्थापना के लिए बड़ा आधार जापान पर हुए अमेरिकी अणुबम हमले के बाद उपजी मानवीय त्रासदी रही। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई।

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका से बचाना और विश्व में शांति और सुरक्षा बनाए रखना था। लेकिन सवाल यह है कि क्या वह अपने इस प्राथमिक उद्देश्य में सफल है? इस पर चर्चा से पहले संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर ध्यान देना जरूरी है, जिसके अनुसार संयुक्त राष्ट्र का मुख्य उद्देश्य, दुनिया भर में शांति बनाए रखना और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान करना है। इसके साथ ही उसका एक और मकसद, राष्ट्रों के बीच समानता और आत्म-निर्णय के सिद्धांतों के आधार पर दोस्ताना संबंधों का विकास करना भी रहा है। संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में साफ लिखा है कि यह अंतरराष्ट्रीय संगठन बिना किसी जाति, लिंग, भाषा या धर्म के भेदभाव के पूरी दुनिया के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देगा। उसका मकसद, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय समस्याओं को हल करने के लिए राष्ट्रों के बीच सहयोग स्थापित करने के साथ ही, गरीबी दूर करने, भूख, बीमारी और निरक्षरता से लड़ने और प्राकृतिक आपदाओं के समय सहायता प्रदान करने के लिए कार्य करना भी है। इसके साथ ही उसकी भूमिका अंतरराष्ट्रीय संधियों और कानूनों के प्रति सम्मान बनाए रखने के लिए प्रयास करने की भी है।

कह सकते हैं कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका ऐसे समन्वय केंद्र के रूप में कार्य करने की सोची गई, जिसके मंच पर विश्व के सभी राष्ट्र उसके साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर सकें। लेकिन सवाल यह है कि क्या संयुक्त राष्ट्र संघ ऐसा कर सका है? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र की हालत सड़क के किनारे बैठे उस असहाय व्यक्ति जैसी हो गई है, जो सड़क पर जारी मारपीट को असहाय भाव से टुकुर-टुकुर देखते को मजबूर रहता है।

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का सबसे प्रमुख उद्देश्य युद्धों को रोकना है। लेकिन ना तो यह शीत युद्ध को रोक सका, ना ही मौजूदा दौर के संघर्षों को रोक पा रहा है। 1991 के खाड़ी युद्ध के लिए तो अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज बुश ने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव को ही बहाना बनाया था। 2001 में भी जार्ज बुश के बेटे जूनियर जार्ज बुश और तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने भी इराक और अफगानिस्तान पर हमले के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों और उसकी सेना की ओट ली थी। 1994 का रवांडा का नरसंहार हो या फिर 2011 में दक्षिण सूडान में हुआ गृहयुद्ध, 1995 में सर्ब सेना द्वारा बोस्निया में किया गया नरसंहार हो या फिर 2010 के दौरान हुई कथित अरब क्रांति की आड़ में हुई मध्य एशिया की हिंसा, किसी को भी रोकने में संयुक्त राष्ट्र अभियान सफल नहीं रहे। संयुक्त राष्ट्र का मंच राष्ट्रों के बीच संवाद बढ़ाने और विवादों को सुलझाने के बजाय,उनके बीच गाली-गलौज और आपसी आलोचना का केंद्रभर बनकर रह गया है। अभी संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख और ताकतवर अंगर सुरक्षा परिषद है। इसका गठन ही गैरबराबरी को बढ़ावा देने का बड़ा आधार बन गया है। इसमें तीन राष्ट्र ऐसे हैं, जो अक्सर अपने वीटो पॉवर का इस्तेमाल नकारात्मक तरीके से करते हैं। अमेरिका, चीन और रूस की ज्यादातर भूमिका नकारात्मक रहती है। रही बात ब्रिटेन और फ्रांस की तो उनकी भूमिका मध्यमार्गी है। हालांकि वे भी महत्वपूर्ण मसलों में सीधे हस्तक्षेप करने की भूमिका को प्रभावी ढंग से निभा नहीं सकते। इसका ही असर है कि ईरान पर इजरायल और अमेरिका ने हमला कर रखा है और रूस एवं यूक्रेन के बीच चार साल से युद्ध जारी है। मानवाधिकार के मुद्दों पर भी संयुक्त राष्ट्र प्रभानवी नजर नहीं आता। कोविड महामारी के दौरान जिस तरह विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तीसरी दुनिया के कमजोर देशों के साथ पक्षपात पूर्ण भूमिका निभाई, वह भी संयुक्त राष्ट्र की नाकामी प्रतीक है।

जब से ट्रंप ने अमेरिका की दोबारा कमान संभाली है, तब से उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को और ज्यादा पंगु करने की कोशिश की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन समेत संयुक्त राष्ट्र के कई अंगों में अपनी आर्थिक भागीदारी और सहयोग उन्होंने घटाना शुरू कर दिया है। उनका मानना है कि संयुक्त राष्ट्र के मंचों के जरिए अमेरिकी करदाताओं की बड़ी रकम बेकार के कामों में खर्च हो रही है, जिसका अमेरिका को सीधे फायदा नहीं मिलना है। ऐसे में आने वाले दिनों में संयुक्त राष्ट्र की स्थिति और भी ज्यादा निरीह होने वाली है। ऐसे में अगर दुनिया के देश संयुक्त राष्ट्र के औचित्य पर ही सवाल उठाने लगें तो दुनिया को हैरत नहीं होनी चाहिए।

## राशिफल

**मेष राशि :-** धन का व्यय संभव है, तनावपूर्ण वार्ता से बचिएगा, कार्य का ध्यान अवश्य दें।

**वृष राशि :-** अधिकारियों के समर्थन से सफलता, कार्य कुशलता से संतोष हो तथा कार्य करें।

**मिथुन राशि :-** चिन्ताएं कम हो, सफलता के साधन जुटाए तथा शुभ समाचार अवश्य ही प्राप्त होगा।

**कर्क राशि :-** बड़े-बड़े लोगों से मेल मिलाप होगा तथा सुख समृद्धि के साधन अवश्य ही बनेंगे।

**सिंह राशि :-** स्त्रीवर्ग से हर्ष उल्लास होवे, भोग ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी तथा कार्य गति उत्तम होगी।

**कन्या राशि :-** प्रतिष्ठा बाल-बाल बचें, संघर्ष से अधिकारियों का भाग्य तथा साथ अवश्य प्राप्त होगा।

**तुला राशि :-** कुटुम्ब और धन की चिन्ता बनी रहें, परिश्रम से सोचे कार्य अवश्य ही हो जाएगे।

**वृश्चिक राशि :-** प्रत्येक कार्य में बाधा क्लेश, स्थिति सामर्थ्य के योग्य अवश्य ही बनेगी।

**धनु राशि :-** भावनाएं मन को विक्षुब्ध रखे, दैनिक कार्यगति मंद रहे, परिश्रम से कार्य अवश्य सफल होगे।

**मकर राशि :-** तनाव क्लेश व अशांति, धन का व्यय, मानसिक खिन्नता अवश्य ही बन सकेगी।

**कुंभ राशि :-** कार्य कुशलता से संतोष, व्यावसायिक समृद्धि के साधन बनेंगे, कार्य बनेंगे।

**मीन राशि :-** कुटुम्ब के कार्यों में समय बीतेगा तथा हर्षप्रद समाचार अवश्य ही मिलेगे।

# स्वाद ही नहीं, स्वास्थ्य का भी खजाना है हरी मिर्च

न्यूट्रिशनिस्ट के अनुसार, रोज 2 हरी मिर्च खाने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और वजन घटाने में मदद मिलती है। इसमें मौजूद कैप्साइसिन और विटामिन-उ न केवल इम्यूनिटी बढ़ाते हैं, बल्कि ब्लड शुगर को कंट्रोल करने और पाचन सुधारने में भी फायदेमंद हैं।

खाने के स्वाद को और बेहतर करने के लिए ज्यादातर लोग हरी मिर्च खाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि खाना के साथ हरी मिर्च खाने से सेहत को काफी फायदा मिलता है। वजन घटाने से लेकर मेटाबॉलिज्म और पाचन को सुधारता है। एक्सपर्ट ने बताया है कि हरी मिर्च सिर्फ स्वाद तो बढ़ाता ही है इसके साथ ही शरीर के कई फंक्शन्स को सपोर्ट करता है। इसमें पाए जाने वाला कैप्साइसिन एक एक्टिव कंपाउंड है, जो शरीर थमोर्जेनेसिस बढ़ाकर मेटाबॉलिज्म को एक्टिव करता है। इन्हीं कारण से कई लोग इसे अपनी डाइट में जरुर शामिल करते हैं। आइए आपको बताते हैं रोज 1-2 मिर्च खाने से क्या फायदा होता है।

### मेटाबॉलिज्म को सपोर्ट करता है

यदि आप वजन कम करना चाहते हैं, तो मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करना बेहद जरुरी है। ऐसे में हरी मिर्च आपकी मदद कर सकती है। इसमें मौजूद कैप्साइसिन शरीर में



थमोर्जेनेसिस बढ़ा सकता है, जिससे शरीर थोड़ी ज्यादा कैलोरी बर्न करता है।

### विटामिन सी से भरपूर

हरी मिर्च में विटामिन-सी की मात्रा भरपूर होती है, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करती है। यदि आप रोजाना खाने के साथ 2 हरी मिर्च खाते हैं तो सर्दी-जुकाम जैसी छोटी बीमारियों से बच सकते हैं। इसके साथ ही इसे खाने से आपके चेहरे पर ग्लो भी आता है।

### ब्लड शुगर कंट्रोल में मदद

एक रिसर्च के अनुसार, हरी मिर्च में पाए जाने वाला कैप्साइसिन शरीर में ब्लड शुगर को बैलेंस रखने और इंसुलिन को बेहतर तरीके से काम करने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही कुछ रिसर्च में पता चला है कि कैप्साइसिन रिस्पॉन्स को बेहतर कर सकता है और खाने के बाद शुगर स्पाइक्स कम कर सकता है।

### डाइजेशन में मददगार


मिर्च खाने से डाइजेस्टिव एंजाइम्स और गैस्ट्रिक जूस बढ़ता है, जिससे खाना पचाने में मदद मिलती है।

किन महिलाओं के मिर्च नहीं खानी चाहिए?

- एसिडिटी या GERD
- गैस्ट्राइटिस या पेट के अल्सर
- IBS
- पाइल्स

### हरी मिर्च कितनी खानी चाहिए?

रोजाना महिलाओं को 1-2 छोटी हरी मिर्च का सेवन करना चाहिए। इससे ज्यादा मिर्च न खाएं। बस किसी तरह की जलन महसूस न हो।



# योगा का पावरहाउस है 'विपरीत करणी' आसन

बॉलीवुड की फेमस अभिनेत्री करीना कपूर अपनी टोंड बॉडी और जवां निखार के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस खुद को फिट रखने के लिए रोजाना योगासन करती हैं। वहीं हर लड़की या महिला फिट और टोंड बॉडी पाना चाहती हैं। ऐसे में आप भी फिट बॉडी और जवां लुक के लिए अपनी डेली रूटीन में योगासन को शामिल कर सकती हैं। आप 10 मिनट तक सिर्फ एक योगासन करने खुद को फिट और यंग रख सकती हैं।

यह योगासन जितना दिखने में आसान लगता है, इसका शरीर और दिमाग पर भी उतना कमाल का फायदा दिखता है। ऐसे में हर महिला को अपनी डेली रूटीन में यह योगासन शामिल करना चाहिए। इस आसन को करने से आप अंदर से हेल्दी और रिफ्रेश महसूस करती हैं। साथ ही इस आसन के कई अद्भुत फायदे मिलते हैं। यह आसन विपरीत करणी आसन है। इस आसन को करने से कुछ ही दिनों में आपको फर्क महसूस होगा। तनाव कम होगा, चेहरे की चमक बढ़ेगी और शरीर हल्का लगेगा।

ऐसे करें विपरीतकरणी आसन

इस आसन को करने के लिए दीवार के पास किसी शांत जगह को चुनें।

फिर योगा मैट बिछाएं और आप चाहें तो इस आसन को बिस्तर पर भी कर सकती हैं।

शरीर की पोजिशन को सेट करें और घुटने मोड़कर दीवार के एकदम पास बैठें।

अब धीरे-धीरे करवट लेकर लेटें और पैरों को दीवार के ऊपर की तरफ सीधा रखें।

दीवार से आपकी कमर करीब 2-3 इंच दूर होना चाहिए।

पैरों को बिलकुल सीधा रखें औ? पंजे को ढीला छोड़ दें।

हाथों को शरीर के बगल में ढीला छोड़ दें और हथेलियां ऊपर की तरफ रखें।

आंखें बंद करें और नाक से गहरी सांस लें और फिर धीरे-धीरे छोड़ें।

इस दौरान पेट को रिलैक्स रखें और शुरूआत में 1-3 मिनट तक इस पोजिशन में रहें।

जब आदत को जाए, तो इसको 10 मिनट तक करें।

विपरीतकरणी आसन के फायदे

इस आसन को करने से पेट की सूजन और ब्लोटिंग की समस्या कम होती है।

यह आसन लसीका तंत्र को तेज करने के साथ शरीर में मौजूद टॉक्सिंस बाहर निकलते हैं।

तनाव, चिंता और ओवरथिंकिंग की समस्या कम होती है और मन शांत होने लगता है।

यह मसल्स का तनाव दूर करता है और शरीर रिलैक्स होता है।

इस आसन को करने से रात को गहरी और शांत नींद आती है।

इस आसन को करने से ब्लड सकुर्लेशन अच्छा होता है और दिल की सेहत भी अच्छी बनी रहती है।



# कोरियन ग्लास स्किन का सपना होगा पूरा, घर पर बनाएं ये जादुई फेसवॉस

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में प्रदूषण, धूल और तनाव की वजह से हमारी स्किन पर बुरा असर होता है। कई लोगों को टैनिंग की समस्या हो जाती है, तो कुछ लोगों के चेहरे की रंगत डाउन हो जाती है। स्किन को ग्लोइंग और सॉफ्ट बनाने के लिए लड़कियां और महिलाएं महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। इन दिनों हर लड़की कोरियन ग्लास स्किन पाना चाहती है। ऐसे में आप भी रात को सही तरीके से स्किन को कोरियन स्टाइल में साफ कर सकती हैं। आप रात में घर का बना नेचुरल फेसवॉश इस्तेमाल करें, क्योंकि इसमें किसी तरह का केमिकल नहीं होता है और इसका कोई साइड-इफेक्ट भी नहीं होगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर नेचुरल फेस वॉश बनाने और इस्तेमाल करने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

### चावल के आटे से बना फेसवॉश

रात में हमारी स्किन खुद को रिपेयर करती है। ऐसे में अगर आप सोने से पहले फेस की अच्छे से सफाई कर लेती हैं, तो हमारी स्किन हाइड्रेटेड रहती है और डेड स्किन हट जाती है। यही कारण है कि कोरियन स्किन केयर में भी माइल्ड क्लींजिंग पर ज्यादा फोकस किया जाता है। इसके लिए चावल के आटे से बना नेचुरल फेस वॉश एकदम सही रहेगा।

### सामग्री

चावल का आटा- 1 चम्मच गुलाब जल- 2 से 3 चम्मच दूध- 1 चम्मच शहद- 1 चम्मच

जानिए फेस वॉश बनाने और लगाने का तरीका

एक कटोरी में चावल का आटा लें और इसमें दूध और गुलाबजल मिलाएं। फिर एक स्मूद पेस्ट बना लें। अब इसमें शहद डालकर पेस्ट बना लें। रात में सोने से पहले चेहरे को वॉश करें। फिर इस पेस्ट को फेस पर अप्लाई करें। करीब 2 मिनट तक हल्के हाथों से फेस की मसाज करें। अब ठंडे पानी से चेहरे को साफ कर लें। अब मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं।

**फायदे :** चावल का आट त्वचा की गहराई से सफाई करता है। यह त्वचा पर जमी गंदगी को हटाने में मदद करता है। दूध से त्वचा को पोषण मिलता है और त्वचा सॉफ्ट होती है। वहीं गुलाबजल से स्किन फ्रेश महसूस करती है और फेस का नेचुरल ग्लो बढ़ता है। शहद स्किन को ड्राई होने से बचाता है और स्किन में नमी बनाए रखता है। वहीं इस फेस वॉश का नियमित रूप से इस्तेमाल करने से मुंहासों की समस्या कम हो सकती है। वहीं फेस के दाग-धब्बे हल्के नजर आने लगते हैं। इस फेस वॉश के इस्तेमाल से आपको कोरियन ग्लास स्किन जैसी ग्लोइंग स्किन मिलेगी।

### इतनी बार करें इस्तेमाल

बता दें कि इस नेचुरल फेस वॉश को सप्ताह में कम से कम रात के समय तीन बार जरूर इस्तेमाल करें। कुछ सप्ताह में आप पाएंगी कि आपकी स्किन मुलायम, साफ और हेल्दी नजर आएगी। लेकिन इसका इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट करना न भूलें।




शराब माफिया, सटोरिया, अवैध मुरम खुदाई से क्षेत्र बना अवैध कारोबारियों का केंद्र.....

# एक बार फिर खैरा-पलारी क्षेत्र में सक्रिय हुए अवैध कारोबारी लगाम लगाने में नाकाम होते जिम्मेदार.....







**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी** - खैराझपलारी क्षेत्र में अवैध कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। कच्ची व देशी पक्की शराब, ह्यएक के अस्सीह्लबनाने वाले सट्टा कारोबारियों, रेत और मुरम की अवैध खुदाई एक संगठित नेटवर्क के रूप में संचालित हो रही है। क्षेत्र के कई हिस्सों में यह गतिविधियां नियमित रूप से देखी जा रही हैं। वहीं प्रदेश सरकार के विपरीत प्रदर्शित हो रही रहा है खैरा पलारी क्षेत्र प्रदेश सरकार की मानसा पर पानी फेर रहा है खैरा पलारी क्षेत्र प्रदेश सरकार एक और बड़े दावे कर रही है कि प्रदेश में माफिया राज खत्म हो वहीं दूसरी ओर खैरा पलारी मिसाल कायम कर रहा है निरंतर अवैध कारोबारों का गढ़ बनता जा रहा है खैरापलारी जिम्मेदारों के नाक के नीचे माफियाओं का बोल वाला निरंतर देखने को मिल रहा है कार्रवाई के नाम पर प्रशासन नाकाम एवं लाचार सिद्ध हो रहा है जिसके चलते माफियाओं का हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी मनसा पर पानी फिर रहा है आए दिन अवैध कारोबारों को लेकर अखबारों के माध्यम से प्रकाशन किया जाता है। एवं कुछ जिम्मेदार आईना दिखाने की कोशिश में लगे रहते हैं मगर कार्रवाई के नाम पर जिम्मेदार धृतराष्ट्र बने बैठे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्रवाई के नाम पर माफियाओं के सामने दम तोड़ रहे है।सूत्रों के अनुसार खैराझपलारी क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार जोरों से संचालित हो रहा क्षेत्र के चारों जैसे पलारी चिरचिरा खापा बाजार ओर क्षेत्र के चारों ओर अनेक जगह पर धड़ल्ले से अवैध शराब का संचालन किया जा रहा है। खेतों, जंगलों और नालों के किनारे कच्ची शराब की भट्टियां स्थापित की गई हैं। इस नेटवर्क में कच्चे माल की आपूर्ति, निर्माण और वितरण के लिए अलग-अलग लोग लगाए गए हैं, जिससे यह कारोबार संगठित रूप ले चुका है।

## एक के अस्सी का खेल सट्टा गांव-गांव सक्रिय....

खैरा पलारी क्षेत्र के चारों ओर क्षेत्र में ह्यएक का अस्सीह्ल का खेल सट्टा व्यापक रूप से फैल चुका है। चौराहों, खेतों और बस्तियों में मोबाइल के माध्यम से सट्टा खिलाया जा रहा है। सट्टा संचालन के लिए एजेंट सक्रिय हैं, जो तय समय पर नंबर लिखवाने और भुगतान की व्यवस्था करते हैं।

## जगह जगह निरंतर रेत और मुरम की अवैध खुदाई जारी...

खैराझपलारी क्षेत्र में नदियों, तालाबों और विभिन्न पंचायतों की भूमि से रेत और मुरम की अवैध खुदाई की जा रही है। भारी वाहनों और जेसीबी मशीनों के जरिए खुदाई कर सामग्री का परिवहन किया जा रहा है। कई स्थानों पर जमीन की प्राकृतिक संरचना पूरी तरह बदल चुकी है। पंचायतों के सचिव सरपंच के संरक्षण से तालाब होते खदानों में परिवर्तित प्राप्त जानकारी के अनुसार अलग-अलग पंचायत क्षेत्रों में सरपंच सचिव की आपसी सहमति एंव पेसो का लालच से निरंतर तालाबों से खुदाई और परिवहन की गतिविधियां सामने आ रही हैं। तालाब का निरंतर खदानों में परिवर्तित होते नजर आ रहें हैं। सूत्रों का कहना है कि पंचायत सीमाओं के भीतर पंचायत तालाबों को खदानों में परिवर्तन हो रहे हैं एक साथ ही कई स्थानों पर तालाबों और खाली भूमि को खुदाई कर क्षेत्र में बदला गया है। जिसमें सचिव सरपंच चंद पैसों के लालच में अपनी पूरी भूमिका निभा रहे हैं। पंचायत के तालाबों को एवं जंगल वन भूमि जगह को उजाड़ कर मुरम निकालकर खदानों में तब्दील कर रहे हैं जंगल को भी कर रहे हैं खोखला।शराब, सट्टा और खनन – तीनों गतिविधियों में तय स्थान,तय लोग,और तय समय का पैटर्न देखने को मिल रहा है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि ये सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से संचालित हो रहे हैं। लगातार चल रही इन अवैध गतिविधियों के कारण खैराझपलारी क्षेत्र की पहचान अब एक अवैध कारोबार प्रभावित क्षेत्र के रूप में बनती जा रही है। वहीं दूसरी और स्थानीय प्रशासन निरंतर नाकामी का परिचय दे रहा है अवैध कारोबारी के सामने नाकाम एवं बेबस साबित हो रहे हैं जिम्मेदार जिसके चलते अवैध कारोबारी के हौसले बुलंद हैं खुलेआम क्षेत्र के चारों ओर अवैध कारोबार जारी है।



## हिन्दू नववर्ष पर विधायक दिनेश राय मुनमुन विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल नव-दम्पत्तियों को दिया आशीर्वाद

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी**- हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2083 और चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर गुरुवार, 19 मार्च 2026 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, उन्नति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में सकल हिन्दू समाज द्वारा मिशन स्कूल मैदान से निकाली गई विशाल रैली में विधायक ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना एवं महाआरती कर प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर विधायक ने नव-दम्पत्तियों से भेंट की और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित ह्यविक्रमोत्सव सूर्य उपासनाह्ल कार्यक्रम में भी विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति का अवलोकन कर कलाकारों की सराहना की।

## मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन सिवनी में 100 जोड़ों का विवाह धूमधाम से संपन्न....



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी** - मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सिवनी जिला मुख्यालय के मिशन ग्राउंड में भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें 100 जोड़ों का विधि-विधान से विवाह कराया गया।कार्यक्रम का आयोजन प्रशासनिक अधिकारियों के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन का मुख्य आकर्षण भव्य बारात रही, जो गाजे-बाजे और ढोल-धमाकों के साथ निकाली गई। बारात में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नव-दंपत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। समारोह में विधायक दिनेश राय, जनपद अध्यक्ष किरण भलावी, नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोड़िया की उपस्थिति रही। इसके साथ ही कलेक्टर शीतला पटले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजली शाह एवं एसडीएम पूर्वी तिवारी भी कार्यक्रम में शामिल रहीं। सभी अतिथियों ने नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं वधु-वर पक्ष के परिजन उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर भोजन, पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से सुनिश्चित की गईं। स्थानीय प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वय से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# कुरई जनपद में 181 शिकायतों के साथ जल जीवन मिशन के अधूरे कामों पर सरपंच संघ ने उठाए सवाल

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी - सिवनी जिले की जनपद पंचायत कुरई क्षेत्र में ग्राम पंचायतों से जुड़ी शिकायतों और जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर सरपंच संघ ने प्रशासन के समक्ष गंभीर मुद्दे उठाए हैं। सरपंच संघ के अध्यक्ष धनराज कवेर्ती द्वारा संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर विभिन्न बिंदुओं पर जांच और कार्रवाई की मांग की गई है।**



पत्र में कहा गया है कि 181 पोर्टल पर बिना सही जांच और पर्याप्त जानकारी के शिकायतें दर्ज हो रही हैं, जिससे पंचायतों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कई मामलों में शिकायतें भ्रामक बताई गई हैं, जिनका सत्यापन आवश्यक है। साथ ही सरपंच संघ ने जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर भी गंभीर आपत्ति जताई है। पत्र में उल्लेख है कि कई ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के कार्य अधूरे पड़े हैं, जिससे पंचायतों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा योजना के तहत संचालित व्यवस्थाओं के कारण पंचायतों के बिजली बिल भी अत्यधिक बढ़ रहे हैं, जिससे आर्थिक भार बढ़ता जा रहा है। संघ ने यह भी आरोप लगाया है कि संबंधित अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता। कई बार यह कहकर टाल दिया जाता है कि संबंधित कार्यालय छिंदवाड़ा में है और वहीं संपर्क करें, लेकिन वहां भी शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है। जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर जगह-जगह सवाल उठ रहे हैं, प्रशासन से इन कार्यों की जांच कर जवाबदेही तय करने की मांग की गई है। सरपंच संघ ने मांग की है कि 181 शिकायतों का सत्यापन किया जाए, झूठी शिकायतों पर कार्रवाई हो तथा जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर जिम्मेदारों के विरुद्ध उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## नवरात्रि पर श्रीराम कथा का आयोजन 18 से 24 मार्च तक कार्यक्रम




**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी** – सिवनी में नवरात्रि एवं रामनवमी के पावन अवसर पर ओजस्वी वक्ता योगशक्ति गीता दीदी के सानिध्य में साप्ताहिक श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 18 मार्च से 24 मार्च 2026 तक आयोजित होगा। कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से एफसीआई गली नंबर 3 स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, सिवनी में होगा। इसके साथ ही प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 7:30 बजे तक म्यूजिकल एक्सरसाइज एवं मेडिटेशन शिविर भी आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। कार्यक्रम का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सिवनी द्वारा किया जा रहा है।

## नवरात्रि के पहले दिन दिखा मातृशक्ति का साहस, आवारा कुत्तों के झुंड से भिड़कर महिला ने बचाई जान

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी– नवरात्रि के पहले ही दिन मातृशक्ति के साहस का एक अद्भुत उदाहरण सामने आया। बरघाट रोड स्थित एमपीईबी (M P B) कार्यालय के सामने से राजपूत कॉलोनी की ओर जाने वाले मार्ग पर एक महिला ने अपने पालतू कुत्ते को बचाने के लिए 12 से 15 आवारा कुत्तों के झुंड का डटकर सामना किया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला अपने पालतू कुत्ते के साथ सड़क पर जा रही थी, तभी अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने उनके कुत्ते पर हमला कर दिया। देखते ही देखते कुत्तों ने महिला को भी चारों ओर से घेर लिया। इस खतरनाक स्थिति में महिला ने हिम्मत नहीं हारी और अपने **पालतू कुत्ते को बचाने के लिए कुत्तों से भिड़ गई–** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला ने बहादुरी से मुकाबला करते हुए खुद को और अपने पालतू कुत्ते को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस



घटना को देखकर आसपास मौजूद लोग हैरान रह गए और महिला के साहस की सराहना करते हुए उसे ह्लअसली मातृशक्तिह्व बताया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में नगर पालिका के प्रति आक्रोश भी देखने को मिला। लोगों का कहना है कि शहर में आवारा कुत्तों की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन नगर पालिका इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी कुत्तों के हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसे 11 टांके लगाने पड़े और हाथ में फ्रैक्चर हो गया। इसके बावजूद भी प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर जहां एक ओर महिला के साहस ने लोगों को प्रेरित किया, वहीं दूसरी ओर यह घटना नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है। नागरिकों ने जल्द से जल्द आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ केवलारी में बिगुल, 8 पार्षद अनिश्चितकालीन अनशन पर



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी - नगर परिषद केवलारी में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन तेज हो गया है। 15 वार्डों में से 8 पार्षद 19 मार्च 2026 से चांदनी चौक में अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन पर बैठ गए हैं। पार्षदों ने ह्लबंद करो भ्रष्टाचार, अबकी बार आर-पारह्व का नारा देते हुए नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अनशन पर बैठने वाले पार्षदों में स्वराज सिंह बघेल, राममिलन कुवेर्ती, श्रीमती राजकुमारी राजेश उइके, श्रीमती अनुसुइया सुरेंद्र साहू, नीरज रानू ठाकुर, श्रीमती साधना दारासिंह जंघेला, श्रीमती देवकी सेवकराम साहू और श्रीमती मिथलेस नीरू तेकाम शामिल हैं। कुछ महिला पार्षदों के स्थान पर उनके पति अनशन में शामिल हैं।**

पार्षदों का आरोप है कि नगर परिषद गठन के पांच वर्षों और वर्तमान परिषद के लगभग साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में बिना पार्षदों को विश्वास में लिए कर्मचारियों की भर्ती की गई। साथ ही पीआईसी में पक्षपातपूर्ण तरीके से प्रस्ताव और बिल पास कर करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार किया गया। पार्षदों ने ठेकेदार के.के. अग्रवाल की फर्म कृष्णा ट्रेडर्स के साथ सांठगांठ का आरोप लगाते हुए बताया कि 18,94,500 रुपये की लागत से 30 अनब्रांडेड ट्यूबलर स्ट्रीट लाइट लगाई गईं, जो बाजार मूल्य से कई गुना अधिक दर पर खरीदी गईं। उनका कहना है कि ऐसे दर्जनों मामलों में लगभग 5 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है और कई सामग्री जुलाई 2025 से अनुपयोगी पड़ी है। इसके अलावा ट्यूबलर स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट लाइट और सौर ऊर्जा लाइटों की खरीदी में भी बड़े स्तर पर अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। पार्षदों ने घटिया गुणवत्ता के सड़क और नाली निर्माण कार्यों की भी शिकायत की है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षदों ने 10 फरवरी को कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपकर न्यू प्रभात सेल्स कॉर्पोरेशन एवं कृष्णा ट्रेडर्स द्वारा प्रदाय सामग्री के बिलों की जांच, पीआईसी बैठक में पारित प्रस्तावों की जांच तथा संपूर्ण वित्तीय लेनदेन की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### त्योहार के बीच शुरू हुआ आंदोलन

गुड़ी पड़वा, नवरात्रि स्थापना और हिंदू नववर्ष के चलते शासकीय कार्यालय बंद होने के बावजूद पार्षदों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। इससे प्रशासनिक स्तर पर तत्काल सुनवाई की संभावना कम दिखाई दे रही है, लेकिन पार्षदों का कहना है कि वे अपनी मांगों को लेकर पीछे नहीं हटेंगे।

### जनता का मिल रहा समर्थन

अनशन स्थल पर स्थानीय नागरिकों का भी समर्थन देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि यदि आरोप सही हैं तो निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार

फिलहाल इस पूरे मामले में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं होती है तो आंदोलन के और उग्र होने की संभावना जताई जा रही है।

## मंत्री पटेल ने बंजारी माता मंदिर छपारा पहुंचकर दर्शन किए

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने सिवनी प्रवास के दौरान बंजारी माता मंदिर छपारा पहुँचकर विधिवत पूजा–अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं क्षेत्रवासियों के सुख–समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। मंत्री श्री पटेल ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की और क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की।


**कार्यालय ग्राम पंचायत ऐरपा**
**जनपद पंचायत सिवनी,जिला सिवनी (म.प्र.)**

क्र./9/पंचा/2026 दिनांक 19/03/26

***निविदा आमंत्रण***

ग्राम पंचायत ऐरपा के वर्ष 2026-27 के समस्त योजनाओं के पक्के एवं कच्चे निर्माण कार्यों के लिए सामग्री सीमेंट,रेट,गिट्टी 20एम एम , 40 एम एम, लोहा 8, एम एम,12 एम एम, मुरम, ईंट, सीमेंट पाईप 600 एम एम एवं 1000 एम एम,नल जल योजना सामाग्री, स्वच्छता सामग्री, फर्नीचर,पानी टेंकर, परिवहन हेतु ट्रैक्टर किराया, सेटिंग किराया, सांसद विधायक निधि से प्राप्त राशि आदि निर्माण कार्यों एवं मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आवश्यकता है। अतः फर्मों से कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक फर्म दिनांक 19 मार्च 2026 से 26 मार्च 2026 तक कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनो को छोड़कर निविदा बंद लिफाफा में जमा कर सकते हैं।

**श्रीमती सरोज धाकरे (सरपंच)** **रामदयाल विश्वकर्मा (सचिव)**

**राजेश सनोडिया (रोजगार सहायक )**

# सृष्टि के आरंभ की अमृत बेला का पर्व है नव संवत्सर

## विक्रमादित्य ने सुशासन के प्रतिमान स्थापित किए, 2 हजार साल बाद भी उनके आदर्श प्रासंगिक: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

सम्राट विक्रमादित्य नाटक का हुआ मंचन

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुड़ी पड़वा में संपूर्ण सृष्टि में गुड़ जैसी मिठास फैल गई है। ऐसा इसलिए, क्योंकि हमारी भारतीय संस्कृति में आज से नव संवत्सर एवं नववर्ष का प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि नव संवत्सर सृष्टि के आरंभ दिवस की अमृत बेला को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला पर्व है। आज से एक नए संवत और भारतीय नववर्ष का प्रारंभ हो गया है। हमारे यहां संवत सृष्टि के साथ, प्रकृति के सानिध्य में और शासक के पुरुषार्थ से प्रारंभ होता है। सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को परास्त किया। तत्कालीन समाज के अराजक तत्वों और आतताईयों का दमन किया। उन्होंने अपनी संपूर्ण प्रजा को कर्जमुक्त बनाया। सच्चे अर्थों में सामाजिक सद्भाव की नींव रखी। वे लोकतंत्र के महानायक थे। उनके पुरुषार्थ से ही प्रारंभ किया गया विक्रम संवत आज 2083 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने सम्राट विक्रमादित्य के ओजस्वी शासन उनके शौर्य, साहस, पराक्रम एवं न्याय के प्रतिमानों को आत्मसात करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास किया। हम समाज के हर वर्ग के चहुंमुखी विकास के लिए प्रयासरत हैं। हमने वीर विक्रमादित्य शोधपीठ सहित



वैदिक घड़ी की भी स्थापना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित विक्रमोत्सव-2026 के अंतर्गत कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी नागरिकों को सृष्टि के आरंभ दिवस, गुड़ी पड़वा, चेटी चंड, नववर्ष विक्रम संवत 2083 के आरंभ, घट स्थापना, नवरात्रि आरंभ, ज्योर्तिविज्ञान दिवस, नवरेह सहित आज देशभर में मनाये जा रहे सभी पर्वों की बधाई और मंगलकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ब्रम्ह ध्वज की स्थापना कर कहा कि यह ध्वज हमें सदैव एकजुट रहकर देश-प्रदेश की सेवा करने की प्रेरणा देता है। विक्रमोत्सव-2026 के आयोजन में निहित भावों और इसकी रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने अपनी शासन व्यवस्था से राज व्यवस्था को लोकतांत्रिक व्यवस्था में बदलने का सूत्रपात्र किया। उनका नेतृत्व और राज-काज शैली ऐसी थी, जिसमें बाद के शासकों को जनकल्याणकारी शासन व्यवस्था के लिए प्रेरित किया। आज यदि दो हजार साल बाद भी सम्राट विक्रमादित्य को याद कर रहे हैं, तो इसके पीछे यह भाव परिलक्षित होता है कि भारत राष्ट्र की सरकार और राज्य सरकारें, वीर विक्रमादित्य की शासन व्यवस्था को अंगीकृत करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज स्वस्फूर्त और अनुशासित समाज है। हमने हमेशा जियो और जीने दो सहित सबको लेकर चलने की भावना से जीना सीखा है। सम्राट विक्रमादित्य ने लोकतंत्र को बढ़ावा दिया, इसी से लोकतंत्र के सूत्र हम भारतीयों के शरीर में रक्त की तरह प्रवाहित है और अब यह हमारे अस्तित्व की पहचान भी बन गया है।

स्वागत उद्बोधन देते हुए विधायक श्री भगवानदास सबनानी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन के नए प्रतिमान स्थापित किए जा रहे हैं। वीर विक्रमादित्य की कर्मभूमि उज्जैन से देश में लोकतंत्र का दीप प्रज्ज्वलित हुआ और मुख्यमंत्री डॉ. यादव उसी दीप को और अधिक प्रकाशमान बना रहे हैं।

कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाटक का मंचन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी नाट्य कलाकारों का सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक श्री विष्णु खत्री, महापौर श्रीमती मालती राय, जिलाध्यक्ष श्री रविन्द्र यति, कमिश्नर भोपाल डिवीजन श्री संजीव सिंह, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सहित जन-प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण एवं स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे।



# बोहरा समाज ने सादगी से अदा की ईद की नमाज

## अमन-शांति की मांगी दुआ, शहर की प्रमुख मस्जिदों और मरकजों में जुटे लोग

भोपाल। भोपाल शहर में बोहरा समाज ने ईद का पर्व सादगी और धार्मिक आस्था के साथ मनाया। सुबह से ही अलग-अलग मस्जिदों और मरकजों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ जुटी। नमाज के दौरान देश और दुनिया में अमन-शांति और खुशहाली की दुआ की गई। नमाज नूर महल मरकज, अलीगंज मस्जिद, करोंद स्थित बुरहानी मस्जिद, सोफिया कॉलेज परिसर की बद्री मस्जिद, कोहफिजा मरकज, कब्रस्तान स्थित अहमदी मस्जिद और मालीपुरा की हुसैनी मस्जिद में अदा की गई। सभी स्थानों पर समाजजनों ने अनुशासन और सादगी के साथ धार्मिक परंपराओं का पालन किया। मीडिया इंचार्ज इब्राहिम अली दाऊद ने बताया कि अलीगंज मस्जिद में जनाब इब्दे मदियान की मौजूदगी में नमाज अदा की गई। इस दौरान जूजर भाईसाहब जाकवी और मुफद्दल भाईसाहब की देखरेख में भी शहर के अन्य इलाकों में लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और समाज में भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। पूरे आयोजन में सादगी पर विशेष जोर रहा और समाजजनों ने आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाया।

# गोमांस आरोपी असलम चमड़ा को जमानत

## बजरंग दल ने निकाली पुलिस-निगम की अर्थी, पुतले फूंके; कहा-कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज करेंगे



भोपाल। भोपाल में गोमांस पकड़े जाने के चर्चित मामले में आरोपी असलम चमड़ा को जमानत मिलने के बाद शहर में विरोध तेज हो गया है। गुरुवार को बजरंग दल कार्यकताओं ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए नगर निगम और पुलिस प्रशासन की सांकेतिक अर्थी निकाली और पुतले दहन किए। इस दौरान मौके पर जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन को देखते हुए एहतियातन मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर स्थिति पर नजर बनाए रखी, जिससे कोई अप्रिय स्थिति न बने। बजरंग दल के विभाग संयोजक अभिजीत सिंह राजपूत ने जमानत पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि मामले में कई अहम पहलुओं की जांच अभी अधूरी है। उनके मुताबिक जिस मामले में असलम चापड़ा की गिरफ्तारी हुई, उसमें उसके ड्राइवर को जेल भेजा गया, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बड़ी मात्रा में गौ मांस कहां से आया, इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल थे और संबंधित कंटेनर कहां गया।


राजपूत ने सवाल उठाते हुए कहा कि यह भी स्पष्ट नहीं है कि कंटेनर किसका था और उसे किसने छोड़ा। ऐसे में बिना पूरी जांच के आरोपी को जमानत दिया जाना उचित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन और न्यायालय ने जल्दबाजी में फैसला लिया है। उन्होंने मांग की कि जब तक पूरे मामले की जांच पूरी नहीं हो जाती और मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक असलम चमड़ा की जमानत रद्द की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो बजरंग दल आगे भी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा। प्रदर्शन के चलते पुलिस कमिश्नर कार्यालय के आसपास कुछ समय तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा, हालांकि पुलिस की मौजूदगी के चलते स्थिति नियंत्रण में रही।

# कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा विजयपुर विधायक बने रहेंगे

## सुको में हाईकोर्ट का फैसला खारिज; राज्यसभा चुनाव में वोट नहीं डाल पाएंगे, सैलरी भी नहीं मिलेगी

दिल्ली/भोपाल। मध्य प्रदेश की विजयपुर विधानसभा सीट को लेकर चल रहे कानूनी विवाद में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मुकेश मल्होत्रा की विधायकी को बरकरार रखते हुए एमपी हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच के उस आदेश को खारिज कर दिया है, जिसमें रामनिवास रावत को विधायक घोषित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट में मुकेश मल्होत्रा का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलीलें पेश कीं, जिसके बाद अदालत ने मल्होत्रा को राहत दी।

**सुप्रीम कोर्ट की दो प्रमुख शर्तें** : जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की डबल बेंच ने मुकेश मल्होत्रा को विधायक के रूप में जारी रखने



की अनुमति तो दी है, लेकिन अंतिम फैसला आने तक ये पाबंदियां भी लगाई हैं।

वोटिंग राइट नहीं: मुकेश मल्होत्रा फिलहाल राज्यसभा के लिए मतदान नहीं कर सकेंगे।

ऐसे में अब मुकेश जून में होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए वोट नहीं डाल पाएंगे।

वेतन पर रोक: जब तक कोर्ट इस मामले में अपना अंतिम निर्णय नहीं सुना देता, तब तक उन्हें विधायक के रूप में मिलने वाला वेतन और भत्ते नहीं दिए जाएंगे।

वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा ने बताया कि अब इस मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी।

**विधायक बोलेझ मुझे विधायक निधि और वेतन नहीं मिलेगा, जनता की लड़ाई लड़ता रहूंगा:** सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद विधायक मुकेश मल्होत्रा ने वीडियो जारी कर कहा- सुप्रीम कोर्ट ने जो सम्मानजनक फैसला दिया है, उससे मैं संतुष्ट हूं। ये विजयपुर की जनता के एक-एक मत की जीत है। पूर्व मंत्री रामनिवास रावत आरोप लगा रहे थे कि मैंने केस छिपाए हैं। मैंने कोई केस नहीं छिपाए। हालांकि, उनके वकीलों ने मेरे अधिकार शिथिल करा दिए हैं। हमें क्षेत्र के विकास के लिए जो विधायक निधि मिलती है, वो पैसा हमें नहीं मिलेगा। मुझे वेतन भी नहीं मिलेगा, लेकिन फर्क नहीं पड़ता। मैं जनता और क्षेत्र के विकास के लिए संघर्ष करता रहूंगा। सदन में भी प्रश्न उठाता रहूंगा।

# 8 प्रतिष्ठानों से 13 सिलेंडर जब्त, 33 हजार का माल पकड़ा

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग पर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देश पर चलाए गए विशेष जांच अभियान में बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 प्रतिष्ठानों से कुल 13 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जब्त सिलेंडरों की अनुमानित कीमत करीब 33 हजार रुपए बताई गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी के मार्गदर्शन में सहायक आपूर्ति अधिकारियों की संयुक्त टीम ने छिंदवाड़ा और अमरवाड़ा तहसील में यह कार्रवाई की। टीम में सहायक आपूर्ति अधिकारी राघवेन्द्र सिंह लिल्होरे, राजेन्द्र सिंह वरकड़े और आलोक काछी शामिल रहे। **ग्राम सारना में होटल-ढाबों पर कार्रवाई** : छिंदवाड़ा तहसील के ग्राम सारना में जांच के दौरान विश्वकर्मा होटल से 2 आंशिक भरे सिलेंडर भट्टी सहित जब्त किए गए। वहीं सागर स्वीट्स से 1 और सॉवरिया सेठ टी स्टॉल से 3 सिलेंडर भट्टी सहित पकड़े गए। इस तरह यहां 3 प्रतिष्ठानों से कुल 6 सिलेंडर जब्त किए गए। **अमरवाड़ा में संयुक्त टीम की रेड** : अमरवाड़ा तहसील में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहायक आपूर्ति अधिकारी गीतराज गेडाम और पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दा बैठक ढाबा से 2 सिलेंडर, सुविधा फैमिली रेस्टोरेंट से 1, राजपूत रेस्टोरेंट से 2, अम्बर स्वीट्स से 1 और लवी ढाबा से 1 सिलेंडर जब्त किया। यहां 5 प्रतिष्ठानों से कुल 7 सिलेंडर पकड़े गए। दोनों तहसीलों की कार्रवाई को मिलाकर कुल 8 प्रतिष्ठानों से 13 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। सभी संबंधित संचालकों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# पं. कुंजीलाल दुबे का विधानसभा अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल भुलाया नहीं जा सकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने तीन बार विधानसभा अध्यक्ष रहे स्व. पं. दुबे की 130वीं जन्म जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्व. पं. कुंजीलाल दुबे तीन बार मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष रहे। विधानसभा अध्यक्ष के रूप में उन्होंने हिन्दी भाषा को प्रतिष्ठित स्थान दिलाने में बड़ा योगदान दिया। स्व. पं. दुबे के विधानसभा अध्यक्षीय कार्यकाल की सुदीर्घ सेवाओं और संसदीय परम्पराओं को और भी समृद्ध बनाने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को स्व. पं. कुंजीलाल दुबे की 130वीं जन्म जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा भवन परिसर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि



दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. पं. दुबे की समाजोन्मुखी सेवाओं के लिए वर्ष 1964 में इन्हें पद्मभूषण की उपाधि विभूषित किया गया। विद्या और ज्ञान के क्षेत्र में की गई सेवाओं और उपलब्धियों के लिए स्व. पं. दुबे को 1965 में एलएलडी की उपाधि दी गई, वहीं 1967 में विक्रम विश्वविद्यालय ने इन्हें डी-लिट की उपाधि प्रदान की थी। वे सदैव हमारी स्मृतियों में बने रहेंगे। म.प्र. विधानसभा के भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. पं. कुंजीलाल दुबे का जन्म 19 मार्च 1896 को वर्तमान नरसिंहपुर जिले के ग्राम आमगांव में हुआ था। वकालत के पेशे से एक सुघड़ राजनीतिज्ञ के रूप स्थापित होकर स्व. पं. दुबे प्रथम विधानसभा (1956-57), द्वितीय विधानसभा (1957-62) एवं तृतीय विधानसभा (1962-67) में कुल तीन बार मप्र विधानसभा अध्यक्ष के रूप में सेवारत रहे।

पुष्पांजलि कार्यक्रम में म.प्र. विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, विधायक श्री भगवानदास सबनानी, प्रमुख सचिव विधानसभा श्री अरविन्द शर्मा तथा भूतपूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. पं. दुबे के परिजन सहित विधानसभा के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।



# रायसेन में देवी मंदिरों में नंगे पैर पहुंचे श्रद्धालु:आरएसएस ने मनाया वर्ष प्रतिपदा उत्सव, राहगीरों को लगाया तिलक

रायसेन। रायसेन में गुरुवार को चैत्र नवरात्रि, हिंदू नववर्ष (विक्रम संवत 2083) और गुड़ी पड़वा का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही देवी मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने 'वर्ष प्रतिपदा उत्सव' मनाया और स्वयंसेवकों ने शहर के चौराहों पर लोगों को तिलक लगाकर और नीम-गुड़ खिलाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार सुबह से ही श्रद्धालु नंगे पैर और हाथों में जल लेकर देवी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना की और दर्शन कर आशीर्वाद लिया। हिंदू नववर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने वन परिसर में 'वर्ष प्रतिपदा उत्सव' का आयोजन किया। कार्यक्रम के बाद स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शहर की सड़कों पर निकले। उन्होंने सागर भोपाल तिराहा, महामाया चौक और सांची मार्ग पर राहगीरों व व्यापारियों को तिलक लगाया।

# कवि सम्मेलन हमारी समृद्ध काव्य परम्पराओं के हैंसजीव संवाहक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## जल्द ही प्रारंभ करेंगे भोपाल से ओरछा पर्यटन हेली सेवा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत की मिट्टी कवियों की उर्वर भूमि है। काव्य परम्पराओं से हमारी साहित्यिक विरासत हमेशा से ही समृद्ध रही है। कवि सम्मेलन हमारी इन्हीं समृद्ध काव्य परम्पराओं के सजीव संवाहक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भोपाल के अटल पथ पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन देना हमारा ध्येय है। श्रीराम की नगरी को राजधानी से सीधे जोड़ने के लिए हम बहुत जल्द भोपाल से ओरछा तक धार्मिक पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में आए सभी कवियों और विभिन्न सामाजिक सेवा समितियों का उनके सेवा प्रकल्पों में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सभी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में 7 हजार भाषाएं-बोलियां बोली जाती हैं। सबका समृद्ध साहित्य






है। इतनी बड़ी भाषाई विविधता और समृद्धि किसी और देश में देखने को नहीं मिलती। मध्यप्रदेश की धरती पर बाणभट्ट, कालिदास, राजशेखर, पतंजलि, भर्तहरि, अनंगहर्ष, वत्सराज, केशवदास, पद्माकर, बिहारी जैसे रत्न हुए। आज जिस नगरी भोपाल पधारे हैं, वहां के शासक स्वयं सरस्वती पुत्र राजा भोज रहे। राजा भोज स्वयं एक कालजयी कवि, प्रकांड दार्शनिक और अद्वितीय विचारक थे। उनके शासनकाल में ज्ञान और कला का निरंतर अभिषेक होता था। राजा भोज के बारे में एक ऐतिहासिक किंवदंति बहुत प्रसिद्ध है कि उनके शासनकाल में ज्ञान और कला का इतना सम्मान था कि बुनकर भी संस्कृत कविताएं रचते थे। आज फिर से भोज नगरी में सरस्वती पुत्रों का समागम हुआ है, यहाँ सबका स्वागत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहाकि कवियों की वाणी ने ही युवाओं में साहित्य के प्रति प्रेम बचाए रखा है। उन्होंने इस आयोजन के सूत्रधार विधायक श्री रामेश्वर शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि कर्मश्री संस्था द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज अपनी रजत जयंती मना रहा है। विगत 25 वर्षों से कवि सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं।

# बैतूल में जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू

## विक्रमोत्सव भी मनाया:केंद्रीय मंत्री उइके की मौजूदगी में ब्रम्हध्वज वंदना भी हुई

बैतूल। बैतूल जिले में गुरुवार को शासकीय जयवंती हॉक्सर महाविद्यालय परिसर में जल संरक्षण और सांस्कृतिक चेतना से जुड़े दो बड़े कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री दुगार्दास उइके ने प्रदेश सरकार के "जल गंगा संवर्धन अभियान" का शुभारंभ किया। इसी के साथ विक्रमोत्सव 2026 के तहत जिला स्तरीय सूर्य उपासना कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत "जल गंगा संवर्धन अभियान" के शुभारंभ से हुई। इस दौरान जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक नाट्य प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें जल के महत्व और संरक्षण की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से दशार्या गया। अभियान के तहत जिले की सभी नगरीय



निकायों और ग्राम पंचायतों में 30 जून तक जल संरक्षण, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, मरम्मत, भूजल संवर्धन और पौधारोपण जैसे कार्य किए जाएंगे।

**ब्रम्हध्वज वंदना की भी गई** : इसके बाद विक्रमोत्सव के अंतर्गत सूर्य उपासना कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर ब्रम्हध्वज वंदना की गई और धार्मिक-सांस्कृतिक वातावरण में सूर्य उपासना की गई। मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल के कलाकारों ने "सम्राट विक्रमादित्य" नाटक का मंचन कर उपस्थित लोगों को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराया।

इतिहास के पन्नों से मा शारदा माता की कथा जुडी

# आस्था इतिहास और श्रद्धा का संगम विजयराघवगढ़ की माँ शारदा का दिव्य धाम

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। धर्म आस्था और प्राचीन परंपराओं से ओत-प्रोत विजयराघवगढ़ नगरी आज भी अपनी दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए जानी जाती है। यहां विराजित माँ शारदा का दरबार केवल एक मंदिर नहीं बल्कि श्रद्धालुओं की अटूट आस्था विश्वास और भक्ति का जीवंत केंद्र है।**

मान्यता है कि विजयराघवगढ़ की माँ शारदा मैहर वाली शारदा माता की बड़ी बहन हैं। प्राचीन काल में जब मैहर और विजयराघवगढ़ एक ही रियासत हुआ करती थी तब दोनों स्थानों का आध्यात्मिक संबंध अत्यंत गहरा था। समय के साथ रियासतों का विभाजन हुआ और इसी के साथ माँ शारदा की प्रतिमाएं भी दो धामों में विराजमान हो गईं।जहां छोटी बहन मैहर की ऊंची त्रिकूट पर्वत की चोटी पर विराजित होकर देशभर में प्रसिद्ध हो गईं वहीं विजयराघवगढ़ की बड़ी बहन एक समय श्रापित रियासत के कारण जनमानस की दृष्टि से ओझल रहीं। किंतु जैसे ही इस भूमि ने श्राप से मुक्ति पाई माँ शारदा की पुनः स्थापना हुई और भक्ति का प्रवाह फिर से प्रारंभ हुआ।धार्मिक मान्यता आज भी यही कहती है कि पहले बड़ी बहन विजयराघवगढ़ की माँ शारदा के दर्शन करने के बाद ही मैहर धाम के दर्शन पूर्ण फलदायी होते हैं। यही कारण है कि श्रद्धालु पहले इस पावन धाम में शीश नवाकर फिर मैहर की यात्रा करते हैं।नवरात्रि के पावन पर्व में तो यहाँ आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिलता है। दोनों ही नौ दुर्गा के अवसर पर मंदिर परिसर से



लेकर दूर-दूर तक भक्तों की लंबी कतारें जय माँ शारदा के जयकारों से गूंज उठती हैं। हर भक्त अपनी श्रद्धा अनुसार चुनरी नारियल सिंदूर और पुष्प अर्पित कर माँ का आशीर्वाद प्राप्त करता है।मंदिर में माँ का अलौकिक श्रृंगार लाल चुनरी से सुसज्जित मस्तक और दीपों की ज्योति ऐसा दिव्य वातावरण निर्मित करती है। मानो स्वयं आदिशक्ति वहां साक्षात विराजमान हों। पीढ़ियों से सेवा में लगे पुजारी परिवार माँ की नित्य पूजा-अर्चना कर इस परंपरा को जीवित रखे हुए हैं।विजयराघवगढ़ को धार्मिक नगरी के रूप में स्थापित करने का श्रेय तत्कालीन राजा सरयू प्रसाद को भी जाता है जिन्होंने अनेक मंदिरों का निर्माण कराकर इस भूमि को आध्यात्मिक पहचान प्रदान की। यहां स्थित बंजारी माई, किले वाले बरमदेव पंचमठा धाम संकट मोचन जगन्नाथ धाम झिरियां घाट कारीतलाई और गौरहा के विजय नाथ जैसे पावन स्थल आज भी इतिहास और आस्था के साक्षी हैं।हालांकि समय के साथ कई प्राचीन धरोहर कुएं बावड़ियां और वन क्षेत्र मानव की उपेक्षा और लालच के कारण विलुप्ति की कगार पर पहुंच गए हैं लेकिन मंदिरों में विराजित देवी-देवताओं की आस्था आज भी अडिग है। यह पावन नगरी आज भी हर पर्व हर शुभ अवसर पर भक्तों की भक्ति से सराबोर रहती है। जगह-जगह भंडारे माता के चरणों में चुनरी अर्पण और अखंड ज्योति का प्रज्वलन इस बात का प्रमाण है कि विजयराघवगढ़ में धर्म केवल परंपरा नहीं बल्कि जीवन का आधार है।माँ शारदा का यह धाम आज भी हर भक्त को यही संदेश देता है। श्रद्धा रखो विश्वास रखो माँ की कृपा से हर कष्ट दूर होगा।

## पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला पति गिरफ्तार



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** जिले के बहोरीबंद थाना क्षेत्र में पत्नी को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पति छोटी-छोटी बातों पर मृतिक के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार करता था, जिससे तंग आकर महिला ने यह कदम उठाया। बहोरीबंद थाना प्रभारी अखिलेश दया ने बताया कि 2 मार्च 2026 को ग्राम कूडन निवासी वीरेंद्र चौधरी (33 वर्ष) ने थाने में सूचना दी थी। इसके आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। शुरूआती जांच और मृतिक ललिता चौधरी के माता-पिता और परिजनों के बयानों से मामले की सच्चाई सामने आई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वीरेंद्र उर्फ वीरू चौधरी अपनी पत्नी ललिता को अक्सर छोटी-छोटी बातों पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। इस निरंतर उत्पीड़न से परेशान होकर ललिता ने 2 मार्च को किसी जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था। गंभीर हालत में उसे शासकीय अस्पताल बहोरीबंद ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मर्ग जांच में प्रताड़ना की पुष्टि होने के बाद बहोरीबंद पुलिस ने आरोपी पति वीरेंद्र चौधरी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया। गुरुवार को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी वीरेंद्र उर्फ वीरू पिता सियाराम चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कटनी न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेशानुसार उसे न्यायिक हिरासत में जिला जेल कटनी भेज दिया गया है।

## मऊगंज में यूजीसी के समर्थन में ओबीसी एससी/एसटी संयुक्त मोर्चा का महाआंदोलन





**दैनिक रेवांचल टाइम्स मऊगंज।** युजूसी बिल 2026 को लागू कराने सहित अन्य मांगों को लेकर ओबीसी, एसटी/एससी संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में मऊगंज जिला मुख्यालय में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली में हजारों की संख्या में संयुक्त मोर्चे के लोगों ने भाग लिया और अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री, महामहिम राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में यूजीसी बिल 2026 लागू करने, प्रदेश में लंबित 13 प्रतिशत आरक्षण को तत्काल बहाल करने, तथा सभी वर्गों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में भागीदारी सुनिश्चित करने, आगामी जनगणना में जाति आधारित गणना कराई जाए तथा जनगणना ओबीसी वर्ग के लिए अलग से जाति कॉलम जोड़ा जाए, जिससे सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो सके। मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। उस दौरान प्रमुख रूप से कुंवर सिंह पटेल,अभिषेक सिंह पटेल, पंकज सिंह पटेल,सतेंद्र सिंह, गुड्डा, बी.पी. सिंह, डॉक्टर पुष्पराज सिंह, ओबीसी दिनेश पटेल, मैथिली, जेपी कुशवाहा, बी. इंजीनियर, बी.पी. नामदेव, छोटेलाल रजक, राजेश कुशवाहा, बबलू, कुंजीलाल सेन, राकेश यादव, दिनेश डायमंड, अमन कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा, रामायण साकेत, अमरनाथ पटेल, एडवोकेट मनोज सिद्धार्थ, अशोक पटेल (एडवोकेट), रवि राज बौद्ध, रामराज पटेल, बी.पी. सिंह, मुन्नालाल रावत सहित हजारों संयुक्त मोर्चा के लोग मौजूद रहे।

## कटनी में रसोई गैस के लिए लंबी-लंबी कतारें

**कटनी।** कटनी शहर में रसोई गैस सिलेंडरों की किल्लत जारी है, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। जिला प्रशासन द्वारा निर्बाध आपूर्ति के दावों के बावजूद, जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। लोगों को एक सिलेंडर पाने के लिए घंटों लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। बुधवार को माधव नगर थाना क्षेत्र के समदड़िया सिटी स्थित कटनी गैस एजेंसी पर अव्यवस्था का आलम देखा गया। यहां बड़ी संख्या में घरेलू उपभोक्ता अपने खाली सिलेंडर लेकर लंबी लाइनों में खड़े थे। कतार में लगे उपभोक्ता सुरेश पिपलानी ने बताया कि कलेक्टर अपने चैंबर में बैठकर सिलेंडर की भरपूर उपलब्धता का संदेश जारी कर रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि उन्हें गैस के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

## बढ़ी गैस कीमतों का विरोध न हो, युद्ध के बहाने भंडारण की बताई जा रही कमी-शिव सिंह





**दैनिक रेवांचल टाइम्स रीवा।** घरेलू गैस कीमतों में वृद्धि का विरोध रोकने अमेरिका इजरायल बनाम ईरान युद्ध के बहाने देश में गैस भंडारण की कमी बताकर केंद्र सरकार महंगाई में पर्दा डालने का काम कर रही है। उक्त आरोप लगाते हुए सपा राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट शिव सिंह ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि युद्ध के प्रारंभिक दौर पर ही एलपीजी गैस का मूल्य 60 रुपए बढ़ाकर देशवासियों के रसोई पर बड़ा हमला किया गया है। शिव सिंह ने कहा कि एक तरफ सरकार कहती है कि पश्चिम एशिया में तनाव के कारण आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव है और दूसरी ओर कहती है कि देश में वर्तमान में रसोई गैस की कोई भारी कमी नहीं है सरकार के पास पर्याप्त भंडारण है इसका मतलब देशवासी गैस की कीमतों पर बढ़ोतरी का विरोध न करें, इसलिए सरकार ने देश को लाइनों में खड़ा होने के लिए मजबूर करने का काम किया है। शिव सिंह ने यह भी कहा कि यदि गैस की लाइन न दिखती तो लोग केंद्र सरकार के खिलाफ बढ़े दामों को लेकर धरना प्रदर्शन करती और सरकार को बैकफुट में आना पड़ता इसलिए ये सारे हथकंडे अपनाने पड़े, ताकि लोग सब भूल कर लाइनों में खड़े रहे। उन्होंने कहा कि देश की सरकार में जन विरोधी नेताओं का जमावड़ा है यह सरकार जुल्मी एवं तानाशाह हो चुकी है।

## कलश यात्रा के साथ , जल गंगा संवर्धन अभियान 2026, का शुभारंभ

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** जिले के बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में जल संरक्षण और संचयन को बढ़ावा देने हेतु ह्लजल गंगा संवर्धन अभियान 2026ह्व का शुभारंभ श्रद्धा और जनभागीदारी के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा से हुई, जिसके पश्चात बड़वारा के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने ग्राम स्थित काली माता मढ़िया में ब्रह्म पताका चढ़ाकर ग्रामवासियों के सुख-समृद्ध जीवन की कामना की। इसके बाद ग्राम विलायतकला की प्राचीन जल बावड़ी पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के अंतर्गत क्षेत्र की पारंपरिक जल संरचनाओं के संरक्षण एवं पुनरुद्धार का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक श्री सिंह ने ग्रामवासियों से अपने घरों में सोक पिट बनाने की अपील करते हुए जल संचयन को जनआंदोलन बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभावती टेकाम, नायब तहसीलदार, सहायक यंत्री प्रियंका लखेरा, एपीओ अजीत सिंह, बबीता सिंह, राजेश श्रीवास्तव, उपयंत्री पूजा नागर, सचिव स्नेहलता सिंह, योगेंद्र रजक सहित जन अभियान परिषद की नंदिनी वाटिया, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, सेक्टर सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बड़वारा में सक्रिय सिलेंडर चोर गिरोह

**कटनी।** कटनी के बड़वारा क्षेत्र में सक्रिय सिलेंडर चोर गिरोह ने एक सप्ताह के भीतर पांच शासकीय स्कूलों को निशाना बनाया है। ताजा घटना ग्राम पौड़ी स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में हुई, जहां बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात चोरों ने मध्याह्न भोजन के लिए रखे दो भरे हुए सिलेंडर चुरा लिए। इससे पहले, चोर गिरोह ने भजिया, परसेल और पनसोखर की शासकीय माध्यमिक शालाओं से भी सिलेंडर चुराए थे। इन लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल है और बच्चों के मध्याह्न भोजन के संचालन पर संकट खड़ा हो गया है। गुरुवार सुबह चोरी का पता चलने पर विद्यालय के प्राचार्य संतोष सिंह पाल ने तत्काल बड़वारा थाने में सूचना दी।


**कार्यालय ग्रामपंचायत-बरेली (रामपुर)**

**जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा, जिला- कटनी (म.प्र.), दि.19.3.2026**

**बाजार नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामपंचायत- बरेली रामपुर अंतर्गत मंगलवार के दिन लगने वाली साप्ताहिक बाजार बैठकी वसूली हेतु वर्ष 2026-27 (01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) हेतु नीलामी दिनांक- 24 मार्च 2026 दिन मंगलवार, समय 12 बजे दिन से ग्रामपंचायत भवन में नीलामी की जावेगी। नीलामी बोली लगाने वाले इच्छुक व्यक्ति 'समय पर पहुंचकर बोली लगा सकते हैं। नीलामी बोली लगाने हेतु अग्रिम राशि 5 हजार रुपये जमा करना होगा। नीलामी बोली समाप्त होने पर 50 प्रतिशत राशि तत्काल जमा करना होगी शेष राशि समयावधि के अंदर जैमा करना होगी। समयावधि पर राशि जमा नहीं करने पर नीलामी ठेका निरस्त करते हुये पुनः नीलामी की जावेगी। नीलामी में होने वाली क्षति बतौर बकाया के वसूली की जावेगी। नीलामी की शर्तें एवं नियम कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है। नियम एवं शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार ग्रामपंचायत का होगा एवं पंचायत का निर्णय ही सर्वमान्य तथा अंतिम होगा।

**यजुवेन्द्र कोरी** सीईओ ज.पं.ढीमरखेड़ा | **सरोज त्रिपाठी** सरपंच | **श्यामलाल** उप-सरपंच | **राजेश लोधी** सचिव

ग्राम पंचायत बरेली रामपुर, जनपद-ढीमरखेड़ा


विधायक, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ व निगमायुक्त ने ग्रामीणों के साथ किया बड़ा तालाब की साफ-सफाई में श्रमदान

## जिले में जलगंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम चाका में आयोजित



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुरूवार को ग्राम पंचायत चाका के बड़ा तालाब में ग्रामीणों और समाज के साथ-साथ विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ व निगमायुक्त ने बड़ा तालाब में साफ सफाई के कार्य में श्रमदान किया। इस प्रकार जिले में तीसरे जिला स्तरीय जल गंगा सवर्धन अभियान का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान जल कलश यात्रा और जागरूकता रैली भी निकाली गई।**

जिला स्तरीय अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक मुडवारा श्री संदीप जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, कलेक्टर आशीष तिवारी, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या परिहार और जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी साक्षी और सहभागी बने। कार्यक्रम के प्रथम चरण में ग्राम पंचायत एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की अगुवाई में कलश यात्रा और जागरूकता रैली का आयोजन करके जल एवं जल स्त्रोतों को संरक्षित और संवर्धन करने का संदेश दिया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधियों और ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में ग्राम चाका के बड़ा तालाब में श्रमदान करके तालाब की साफ-सफाई की गई। कटनी जिले में 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेगी। इस मौके पर विधायक श्री जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि जल संबंधी जरूरतों की पूर्ति और भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की सुरक्षा की मंशा से सरकार ने जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया है। यह एक महज सरकारी कार्यक्रम नहीं है, इस कार्य में समाज और सरकार को साथ मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि भू-जल स्तर बनाए रखने के लिए जरूरी है कि हम वर्षाजल को संरक्षित करने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग करें। ताकि हमारी छतों में आने वाला बारिश का पानी व्यर्थ न बहे,बल्कि जमीन के नीचे पहुंचे।जिससे आस-पास के जल स्त्रोतों का भूजल स्तर बढ़ेगा। कार्यक्रम को जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने भी संबोधित किया। जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने अपने उद्बोधन में जल गंगा संवर्धन अभियान के विषय में विस्तार से जानकारी दी ।कार्यक्रम स्थल में विधायक श्री जायसवाल ने करीब 26 लाख रुपए लागत के सीसी रोड निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया। इस दौरान जनपद पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष जगदीश उर्मलिया, चाका की सरपंच रहीशा बेगम परियोजना अधिकारी मनरेगा ऋषि चड़ार, डॉ तेजसिंह केशवाल, कमलेश सैनी, योगेंद्र कुमार असाटी ,जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह, बालमुकुन्द मिश्रा और संदीप दुबे, श्रीराम पटेल,रम्मू साहू आदि की उपस्थिति रही।

### चाका में सार्वजनिक प्याऊ

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत राहगीरों और आने-जाने वालों के लिए स्वच्छ और शीतल जल पीने के लिए मुहैया कराने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत भवन चाका के सामने मिट्टी के घड़ों में भरे शीतल जल से लोंगो की प्यास बुझाई जा रही है।

## कटनी में सरकारी जमीन पर निजी स्कूल का कब्जा

**कटनी।** तहसील के ग्राम पोंडी में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। न्यायालय नायब तहसीलदार की ओर से बेदखली और जुमार्ने का आदेश दिए जाने के बावजूद, निजी स्कूल का कब्जा बरकरार है। इस मामले में कोई कार्रवाई न होने से नाराज होकर स्थानीय ग्रामीणों ने कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है। शिकायतकर्ता आदर्श पांडे ने कलेक्टर आशीष तिवारी को एक ज्ञापन सौंपा है। इसमें आरोप लगाया गया है कि ग्राम पोंडी स्थित शासकीय चरनोई भूमि खसरा नंबर 204 पर 'किड्स केयर पब्लिक स्कूल' के संचालकों ने अवैध कब्जा कर लिया है। स्कूल संचालक डॉ. डी.के. खरे और ममता खरे पर सरकारी भूमि की घेराबंदी कर पक्की बाउंड्री वॉल बनाने का आरोप है। इस मामले में पूर्व में सुनवाई के बाद न्यायालय नायब तहसीलदार मुड़वारा-2 ने अतिक्रमण की पुष्टि की थी। न्यायालय ने स्कूल संचालकों पर 2000 रुपये का अर्थदंड लगाते हुए एक सप्ताह के भीतर अवैध कब्जा हटाने का सख्त आदेश जारी किया था।


ओम होम हैल्थ केयर सर्विस

हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स,वार्ड वॉय,आया बाई,फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।

प्रो.जितेन्द्र पटैल CERVIC - 24X7 Hourse

मो. 9340721556,9753518166

पता-केनरा बैंक महाराष्ट्र हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)


## सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिरमौर।** नगर की कानून व्यवस्था एवं नवरात्रि और ईद के त्यौहार को लेकर आपसी सौहार्द बनाए रखने दोनों समुदाय के साथ थाना सिरमौर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया । नप. अध्यक्ष संदीप सिंह ने नवरात्रि को लेकर लोगो से कहा कि सभी उत्साह के त्यौहार मनाए, लेकिन सामाजिक सौहार्द बनाए रखे । थाना प्रभारी सिरमौर दीपक तिवारी ने आगामी ईद एवं नवरात्रि को लेकर दोनो समुदाय के आयोजको से शांतिपूर्ण ढंग से उत्सव संपन्न कराने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सभी समुदायों से सहयोग बनाए रखने की अपील की गई। थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने नागरिकों से संवाद बनाए रखने और किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को देने का आग्रह किया। बैठक में व्यापारी, समाजसेवी समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।




# 5 दिन तक जिंदगी से जूझता रहा युवक: सड़क हादसे में घायल ने तोड़ा दम, परिवार में पसरा मातम



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** तिलवारा थाना क्षेत्र में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने आखिरकार एक युवा की जान ले ली। 26 वर्षीय युवक ने पांच दिनों तक अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष किया, लेकिन गंभीर चोटों के चलते उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है, वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नौनी करेली निवासी 26 वर्षीय गुलशन श्रीपाल 12 मार्च को किसी निजी काम से मोटरसाइकिल से जबलपुर आया था। रात करीब 9 से 10 बजे के बीच, जब वह अपना काम खत्म कर वापस गोटेगांव लौट रहा था, तभी तिलवारा थाना क्षेत्र के जोधपुर पड़ाव तिराहे के पास उसकी मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसा इतना भीषण था कि गुलशन को गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही घायल अवस्था में तड़पता रहा। वहां मौजूद राहगीरों ने मानवता दिखाते हुए तुरंत उसे उठाया और नजदीकी जानकी रमण अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज शुरू किया गया। कई दिनों तक चले उपचार के बावजूद उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। स्थिति गंभीर देखते हुए 17 मार्च को उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी रहा, लेकिन चोटें इतनी गंभीर थीं कि उसी दिन शाम करीब 6:30 बजे उसने अंतिम सांस ले ली। घटना की सूचना मृतक के ममेरे भाई संजय पाल निवासी चिनकी उमरिया, जिला नरसिंहपुर द्वारा 18 मार्च को तिलवारा थाने में दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार के खतरों की ओर ध्यान खींचा है, वहीं एक युवा की असमय मौत से परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर है।

# 30 साल बाद इंसाफ: सुप्रीम कोर्ट की मुहर से खरीदार को मिलेगा जमीन का हक, परिवार की साजिश बेनकाब




**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जबलपुर के आधारताल क्षेत्र स्थित रेंगवा की करीब 2 एकड़ बेशकीमती जमीन को लेकर पिछले तीन दशकों से चल रहा विवाद अब आखिरकार समाप्त हो गया है। देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा अंतिम मुहर लगाए जाने के बाद खरीदार सुभाष चंद्र केसरवानी को न्याय मिलने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। यह मामला न केवल एक लंबी कानूनी लड़ाई का उदाहरण है, बल्कि यह भी दिखाता है कि अदालत की नजर से कोई भी साजिश छिप नहीं सकती। दरअसल, वर्ष 1995 में दीक्षितपुरा निवासी योगेश कुमार अवस्थी ने उक्त जमीन का सौदा सुभाष चंद्र केसरवानी के साथ किया था, लेकिन बाद में वे इस समझौते से पीछे हट गए। यहीं से विवाद की शुरूआत हुई, जो निचली अदालत से होते हुए हाईकोर्ट और अंततः सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। खास बात यह रही कि हर स्तर पर फैसला खरीदार केसरवानी के पक्ष में ही आया। मामला उस समय और पेचीदा हो गया जब जमीन पर कब्जा दिलाने की प्रक्रिया शुरू हुई। इसी दौरान योगेश अवस्थी की बेटी रश्मि अवस्थी ने अपने परिवार के साथ मिलकर विवादित जमीन को अन्य लोगों के नाम बेचने की कोशिश की। इस कदम को अदालत ने स्पष्ट रूप से एक सोची-समझी साजिश माना, जिसका उद्देश्य असली खरीदार को उसके वैधानिक अधिकार से वंचित करना था। सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से साफ इनकार कर दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि मामले में ऐसा कोई आधार नहीं है, जिसके चलते पहले दिए गए फैसले में बदलाव किया जाए। इसके साथ ही रश्मि अवस्थी की अपील को पूरी तरह खारिज कर दिया गया। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में पहले ही यह स्पष्ट कर दिया था कि अपील लंबित रहने के दौरान ही रश्मि अवस्थी ने अपनी मां और भाई के साथ मिलकर विवादित जमीन को तीन हिस्सों में बांटकर अलग-अलग लोगों को बेच दिया। अदालत ने इसे धोखाधड़ी और दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई करार दिया। अब सुप्रीम कोर्ट की मुहर लगने के बाद, यदि रजिस्ट्री में कोई बाधा आती है तो जिला अदालत अपने प्रतिनिधि के माध्यम से केसरवानी के पक्ष में रजिस्ट्री कराएगी। साथ ही प्रशासनिक सहायता से जमीन का कब्जा भी दिलाया जाएगा। दूसरी ओर, अवस्थी परिवार के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में सजा को लेकर भी जिला अदालत में निर्णय लिया जाना बाकी है। इस मामले में एक अहम कानूनी पहलू भी सामने आया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि नानी से प्राप्त संपत्ति को पैतृक संपत्ति नहीं माना जाता, बल्कि यह पिता की स्वयं अर्जित संपत्ति की श्रेणी में आती है। ऐसे में पिता को उस संपत्ति को बेचने या किसी को भी हस्तांतरित करने का पूरा अधिकार होता है। इस आधार पर बेटी द्वारा संपत्ति में हिस्सेदारी का दावा पूरी तरह खारिज कर दिया गया। करीब 30 वर्षों तक चले इस मामले का अंत यह साबित करता है कि कानून के सामने छल और कपट टिक नहीं सकता, और देर से ही सही, न्याय अंततः मिलता जरूर है।

## जबलपुर में सरेराह जानलेवा हमला

# पुरानी रंजिश में युवक को घेरकर चाकू से वार, सूझबूझ से बची जान



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** शहर के तिलवारा थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश एक बार फिर हिंसक रूप लेती नजर आई, जब स्कूटी सवार दो बदमाशों ने एक युवक पर सरेराह चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, हालांकि उसकी सूझबूझ और हिम्मत के चलते वह अपनी जान बचाने में सफल रहा। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कबीरमठ क्रेसर बस्ती निवासी 23 वर्षीय करन बर्मन, जो पेशे से पुट्टी-पॉलिश का काम करता है, बीती रात करीब 8:30 बजे अपने साथी प्रहलाद विश्वकर्मा के साथ सगड़ा स्थित एक दुकान पर चाय पीने गया था। दोनों मित्र चाय पीने के बाद प्रहलाद की मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे शास्त्रीनगर चौक के पास विकास हार्डवेयर के सामने पहुंचे, पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने उन्हें निशाना बना लिया। पीछे से स्कूटी पर सवार होकर आए अनुराग ठाकुर और राज वासनिक ने अचानक उन्हें घेर लिया। इससे पहले कि दोनों कुछ समझ पाते, अनुराग ठाकुर ने चाकू निकालकर करन पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी ने सीधे करन के पेट को निशाना बनाकर वार किया, लेकिन करन ने ऐन वक्त पर खुद को बचाने की कोशिश की। इस दौरान चाकू पेट में लगने के बजाय उसकी जांघ में जा लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले के बाद करन बुरी तरह घबरा गया, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी। घायल अवस्था में ही उसने मोटरसाइकिल तेज दौड़ाई और मौके से निकलकर सीधे अपने घर पहुंच गया। परिजनों ने तत्काल उसकी हालत देखकर उपचार की व्यवस्था की। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस हरकत में आई और मौके का मुआयना कर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान हो चुकी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही दोनों आरोपियों को पकड़कर कानून के हवाले किया जाएगा। इस घटना ने एक बार फिर शहर में बढ़ते आपराधिक घटनाक्रम और आपसी विवादों के हिंसक रूप लेने की चिंता को उजागर कर दिया है।

# फ्लाईओवर से गिरकर युवक की मौत: हादसा, आत्महत्या या साजिश? पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** शहर के लार्डगंज थाना क्षेत्र में रानीताल पेट्रोल पंप और हनुमान मंदिर के बीच स्थित फ्लाईओवर पर एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक युवक फ्लाईओवर से गिरकर मौत का शिकार हो गया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक ने आत्महत्या की, हादसे का शिकार हुआ या फिर इसके पीछे कोई साजिश है। पुलिस के अनुसार, युवक चंचला बाई कॉलेज की ओर जाने वाली लाइन के पास फ्लाईओवर से उल्टा गिरा। गिरने की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया और सड़क पर खून फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल एमएच अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मृतक की जेब से एक वाहन की चाबी मिली है, जिससे उसकी पहचान और घटना की परिस्थितियों को समझने में मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि अभी तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटना के बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि युवक खुद गिरा, किसी दुर्घटना का शिकार हुआ या उसे किसी ने धक्का दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और हर एंगल से जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। यह घटना फ्लाईओवर बनने के बाद इस तरह की पहली बड़ी घटना मानी जा रही है, जिसने सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# भरोसे का सौदा पड़ा भारी: सराफा व्यापारी के बैग से 1.80 लाख नगद और जेवर पार, कर्मचारी पर शक



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** पाटन थाना क्षेत्र में एक सराफा व्यापारी के साथ विश्वासघात का मामला सामने आया है, जहां उसके ही कर्मचारी पर नगदी और जेवर से भरा बैग लेकर फरार होने का आरोप लगा है। घटना के बाद पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सराफा कारोबारी अमित उर्फ गोलू अपने कर्मचारी सुमित यादव के साथ कारोबार के सिलसिले में शहर आया था। उनके पास मौजूद बैग में करीब 1 लाख 80 हजार रुपये नगद के साथ सोने-चांदी के जेवर रखे हुए थे। बताया जा रहा है कि जब व्यापारी अपने घर पहुंचा और बैग की जांच की, तो उसमें रखी नगदी और जेवर गायब थे। इस पर उसे अपने साथ आए कर्मचारी सुमित यादव पर संदेह हुआ। व्यापारी ने जब सुमित से पूछताछ की, तो वह टालमटोल करने लगा और किसी भी तरह की जानकारी देने से बचता रहा। इसके बाद वह वहां से चला गया और फिर वापस नहीं लौटा।

# 5 साल का भरोसा टूटा: पुराने नौकरों ने मालकिन के घर से 18 लाख नगद और जेवर उड़ाए, कबूलनामे के बाद भी फरार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** कैंट थाना क्षेत्र के सदर इलाके में एक चौंकाने वाली चोरी का मामला सामने आया है, जहां पांच साल से घर में काम कर रहे नौकरों ने ही मालकिन के भरोसे को तोड़ते हुए लाखों की चोरी कर ली। आरोपियों ने पहले अपना जुर्म कबूल किया और सामान लौटाने का वादा किया, लेकिन बाद में शहर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, सदर स्थित बंगला नंबर 74 में रहने वाली 46 वर्षीय नीलम चंसोरिया अपने भतीजे पामुल के साथ वॉलीबॉल प्रैक्टिस के लिए नर्मदा क्लब गई थीं। घर पर उनके भरोसेमंद नौकर शेख इमरान और उसका जीजा फिरोज मौजूद थे, जो पिछले 4–5 वर्षों से उनके यहां काम कर रहे थे। सुबह करीब 10:30 बजे जब नीलम घर लौटीं, तो दोनों नौकर गायब मिले। उन्हें शक हुआ और जब वे अपने बेडरूम में पहुंचीं, तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गईं। अलमारी का लॉक टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। परिवार के अन्य सदस्यों के साथ जांच करने पर पता चला कि अलमारी में रखे करीब 18 लाख रुपये नगद, दो सोने की चेन और एक मोबाइल फोन गायब हैं। संदेह गहराने पर नीलम आरोपियों के बगीचा क्षेत्र स्थित घर पहुंचीं, लेकिन वहां ताला लटका मिला और दोनों के मोबाइल फोन भी बंद मिले। कुछ समय बाद जब किसी तरह दोनों आरोपियों से संपर्क हुआ और वे वापस आए, तो सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने चोरी की पूरी वारदात कबूल कर ली।

# विक्रमोत्सव पर गौरीघाट में सूर्य उपासना का कार्यक्रम हुआ संपन्न




**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** सृष्टि के आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा, गुड़ी पड़वा और भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ पर आज गौरीघाट में भव्य सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें माँ नर्मदा के पवित्र तट गौरीघाट में संतजनों के सान्निध्य में ब्रम्ह ध्वज का पूजन कर सूर्य उपासना की गई। कार्यक्रम में सूर्य उपासना के बाद "सम्राट विक्रमादित्य" नाटक का मंचन भी किया गया। इस अवसर पर स्वामी अखिलेश्वरानंद महाराज ने विक्रम संवत के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज का दिन पूरे भारतवर्ष के लिए ही नहीं बल्कि पूरे ब्रम्हांड के लिए महत्वपूर्ण है। यह आनंद और उपकार का दिन है। यह सृष्टि के लिए कृतज्ञता का दिन है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि मुनियों ने भारतीय संस्कृति को पल्लवित व पुषपित किया। भारत की संस्कृति अध्यात्म मूलक है, जहां जीव मात्र के प्रति मंगल कामना करने वाली संस्कृति है। कार्यक्रम के दौरान विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु, नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, डॉ. जीतेन्द्र जामदार, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, नगर निगम कमिश्नर राम प्रकाश अहिरवार व सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत सहित सभी अधिकारी व जन सामान्य मौजूद थे।

# सिलुआ पड़रिया के अमृत सरोवर में गाद निकासी से  प्हुआ जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जल सरंक्षण, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन एवं भू-जल स्तर में वृद्धि के उद्देश्य को लेकर प्रदेश भर में वर्ष प्रतिपदा पर आज गुरुवार से प्रारंभ हुये जल गंगा संवर्धन अभियान की जिले में शुरूआत जनपद पंचायत जबलपुर के ग्राम सिलुआ पड़रिया में लगभग तीन वर्ष पूर्व बने अमृत सरोवर में जन सहभागिता से गाद निकासी (डी-सिल्टिंग) का कार्य शुरू कर की गई। जल सरंक्षण और जल संवर्धन के उद्देश्य से पिछले दो वर्षों में चलाए गये जल गंगा संवर्धन अभियान को मिली सफलता को देखते हुये मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप राज्य शासन ने लगातार तीसरे वर्ष 19 मार्च से 30 जून तक इस अभियान को चलाने का निर्णय लिया है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जबलपुर जिले में समाज की भागीदारी और विभिन्न विभागों की सहभागिता से नवीन जल सरंचनाओं के निर्माण, भू जल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण सरंचनाओं की साफ-सफाई, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने तथा मानसून में किये जाने वाले पौधारोपण की तैयारी जैसे कार्य किये जायेंगे।

जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ के अवसर पर ग्राम पंचायत सिलुआ पड़रिया स्थित अमृत सरोवर से स्थानीय नागरिकों के सहयोग से गाद निकासी (डी-सिल्टिंग) के प्रारंभ किये गये कार्य में जनपद पंचायत जबलपुर की अध्यक्ष श्रीमती चन्द्र किरण गोस्वामी एवं जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत ने भी सहभागिता की।

ग्राम सिलुआ पड़रिया का अमृत सरोवर आसपास के कृषकों के लिए सिंचाई का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है।सरोवर में एकत्र गाद को हटाने से इसकी जलधारण क्षमता में वृद्धि होगी, जल संचयन में सुधार होगा तथा भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा मिलेगा। इसके परिणामस्वरूप आगामी ग्रीष्मकाल में जल उपलब्धता सुनिश्चित होने के साथ-साथ कृषकों को सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत जबलपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद पांडेय तथा सहायक यंत्री एवं उपयंत्री जनपद भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही ग्राम पंचायत सिलुआ पड़रिया के नागरिकों, सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए श्रमदान एवं सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी बताया गया तथा सभी से वर्षा जल संचयन एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया गया। जिले के सभी नागरिकों से ह्लजल गंगा संवर्धन अभियानह्व में सक्रिय सहभागिता करते हुए जल संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने की अपील भी की गई।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ, स्वच्छता अभियान के साथ



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा गौर पुल के नीचे स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें जल की महत्ता को बताया गया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, और नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने सफाई अभियान में भाग लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान को प्रभावी बनाने का संदेश दिया।इस दौरान नागरिकों से भी जल संरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। इसके पूर्व जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियों ने गौरीघाट में भी सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से हम जल संसाधनों का संरक्षण और स्वच्छता सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि जल संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए मिलकर काम करना होगा।

म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी
प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी
गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)

म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
पता - हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय-निवास
कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)
Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717

V-eServices
CSC Service Provider
Vineet Sen 7724012477
Online Form: MP POLICE, MPPSC, UPSC, SSC, RAILWAY, BANK, COLLEGE, RTE SCHOOL, INDIAN ARMY, INDIAN NAVY, NDA, NEET
Document: जीएसटी, पासपोर्ट, ITR Returns, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, श्रमिक कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, रोजगार पंजियन, उद्योग आधार, स्कॉलरशिप फार्म
E-CARD: WEDDING INVITATION, VIDEO, BANNER DESIGN, VISITING CARD, BIRTH DAY INVITATION, INAUGRATION, OTHER E-CARD
Quick Job Apply
सरकारी एवं प्रायवेट जॉब के नोटिफिकेशन पाने के लिए व्हाट्सएप चैनल Quick Job Apply से जुड़ें। जहां आपको प्रतिदिन जॉब के नोटिफिकेशन प्राप्त होंगे।
जॉब नोटिफिकेशन और फार्म अप्लाई करने का सबसे विश्वसनीय प्लेटफार्म
व्हाट्सएप के माध्यम से घर बैठे ही फार्म भरवायें और समय बचायें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादकः अतुल कुमार बंदेवार RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965 (समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र जबलपुर) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592